

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -70 जबलपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


भीड़ ने आज पिता-बेटे को पीट-पीटकर मारा; कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश- सेंट्रल फोर्स तैनात करें

# वक्फ कानून का विरोध, मुर्शिदाबाद में 3 की मौत





मुर्शिदाबाद- (आरएनएस)। मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। हिंसक भीड़ ने पीट-पीटकर पिता-बेटे की हत्या कर दी। इनकी पहचान हरगोविंद दास (पिता) और चंदन दास (बेटे) के रूप में हई है। दोनों हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। वहीं, गोली लगने से एक अन्य घायल हो गया। हिंसा जिले के शमशेरगंज ब्लॉक के धुलियान में हुई। 11 अप्रैल को भी धुलियान में हिंसा भड़की थी। यहां एक व्यक्ति घायल हो गया था, जिसकी आज अस्पताल में मौत हो गई। लिहाजा मुर्शिदाबाद हिंसा में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

(लॉ एंड ऑर्डर) जावेद शमीम ने कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया- आज की घटना का ब्योरा अभी उपलब्ध नहीं है। पुलिस की ओर से गोली नहीं चली है, की ओर से हो सकता है। ये शुरुआती जानकारी है। घायल खतरे से बाहर है। अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**ममता बोलीं- दंगा न करें, सबकी जान कीमती**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा- वक्फ कानून राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। कानून केंद्र ने बनाया है, इसलिए जो जवाब आप चाहते हैं, वह केंद्र से मांगा जाना चाहिए। मेरी अपील है कि शांत रहें। सबकी जान कीमती है, राजनीति के लिए दंगे न भड़काएं। मुर्शिदाबाद, मालदा, दक्षिण 24 परगना और हुगली जिलों में 11 अप्रैल को हिंसा हुई थी। प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में आग लगा दी थी और पुलिस पर पथराव किया था। सुइटी थाना क्षेत्र के साजूर क्रॉसिंग में पुलिस पर क्रूड बम भी फेंके गए थे। इस दौरान 10 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। हालात काबू करने के लिए पुलिस ने चार राउंड फायरिंग की थी। गोलीबारी में दो लोग घायल हुए थे। दोनों का इलाज जारी है। पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा को लेकर राज्य के गर्वनर सीवी आनंद बोस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से चर्चा की। इसके अलावा बोस ने राज्य सरकार को मुर्शिदाबाद, मालदा और दक्षिण 24 परगना जिलों के संवेदनशील इलाकों में उपद्रव के लिए जिम्मेदार उपद्रवियों के खिलाफ एक्शन लेने के निर्देश दिए। राजभवन के जारी वीडियो में बोस ने कह- सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित नहीं किया जा सकता और विरोध के नाम पर लोगों के जीवन से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। उन उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी,

# गौ-शालाओं से मध्यप्रदेश में गौ-सेवा की लिखेंगे नई इबारत-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने महू में हाईटेक सुविधाओं से युक्त कामधेनु गौ-शाला का किया भूमि-पूजन



भोपाल-(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में गौ-संरक्षण और संवर्धन की दिशा में राज्य सरकार द्वारा तेजी से संकल्पबद्ध होकर कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए गौ-शालाओं के विस्तार के लिए योजनाबद्ध रूप से प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गौ-शालाओं के माध्यम से गौ-सेवा की नई इबारत लिखी जाएगी और प्रदेश में नई दुग्ध क्रांति लाई जाएगी। इससे दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ ही दुग्ध उत्पादकों की आमदनी में भी वृद्धि की जाएगी। हमारा प्रयास है कि दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध के बेहतर दाम मिले। इस दिशा में हम तेजी से प्रयास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को इंदौर जिले के महू-मण्डलेश्वर मार्ग पर स्थित आशापुरा में प्रदेश में हाईटेक कामधेनु गौ-शाला के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस गौ-शाला में 10 हजार गायों के पालन-पोषण की व्यवस्था रहेगी। यह गौ-शाला लगभग 25 हेक्टेयर क्षेत्र में बनाई जा रही है। इस गौ-शाला का निर्माण इंदौर नगर निगम द्वारा किया जायेगा। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी नगर निगम ही संभालेंगी। गौ-शाला के संचालन में संत समाज का सहयोग भी लिया जायेगा। गौ-शाला के संचालन में समाजसेवी निस्वार्थ भाव से गौ-सेवा के कार्यों में जुड़ सकेंगे। गायों के पालन और संरक्षण के लिये सभी जरूरी सुविधाएं गौ-शाला में रहेंगी। गौ-शाला क्षेत्र में सघन पौध-रोपण भी किया जायेगा। कार्यक्रम में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, राज्यसभा सदस्य सुश्री कविता पाटीदार, विधायक सुश्री उषा ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, श्री सुमित मिश्रा, श्री श्रवण चावड़ा, श्री निरंजन सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधि और स्वामी श्री अच्युतानंद जी महाराज विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी वर्ग की बेहतरी के लिए राज्य सरकार द्वारा संकल्पबद्ध होकर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। कृषि क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

## एमपी में जबलपुर सहित 31 जिलों में बारिश के आसार, इंदौर में गिरा पानी



जबलपुर/ भोपाल. (आरएनएस)। एमपी में पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन व टर्फ के सक्रिय होने के साथ ओले व बारिश का दौर जारी है. आज सुबह इंदौर में हल्की बारिश हुई है. वहीं धार के बदनावर सहित आसपास के गांवों में तेज पानी गिरा है. वहीं जबलपुर, ग्वालियर, नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा, शहडोल, सागर संभाग सहित 31 जिलों में आज बारिश के आसार है. पांढुर्णा, सिवनी, मंडला व बालाघाट में ओले गिरने की संभावना है. बताया जाता है कि धार जिले के बदनावर में आज सुबह 6 बजे से तेज बारिश का दौर शुरू हो गया. कुछ गांवों में तेज तो कुछ जगह बूंदाबांदी हुई. इंदौर में भी मौसम बदला रहा, कई इलाकों में बूंदाबांदी का दौर जारी रहा. पिछले 24 घंटे में 17 जिलों में हल्की बारिश हुई. इनमें रतलाम, धार, उज्जैन, सिंगरौली शामिल हैं.

## तीन महीने के भीतर बिल पर लेना होगा फैसला, सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल के अधिकारों के बाद अब राष्ट्रपति के लिए तय की समय सीमा



नई दिल्ली-(आरएनएस)। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा विचार के लिए आरक्षित विधेयकों पर, उसे भेजे जाने की तिथि से तीन महीने के भीतर निर्णय लेना चाहिए। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने 8 अप्रैल को 415 पृष्ठों के फैसले में 10 विधेयकों को मंजूरी दे दी, जिन्हें तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए सुरक्षित रख लिया था। उन्होंने सभी राज्यपालों के लिए राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए एक समयसीमा निर्धारित की और कहा कि हम गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित समयसीमा को अपनाना उचित समझते हैं और निर्धारित करते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचार के लिए आरक्षित विधेयकों पर उस तारीख से तीन महीने की अवधि के भीतर निर्णय लेना आवश्यक है, जिस दिन ऐसा संदर्भ प्राप्त होता है। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि किसी भी देरी के मामले में राज्य सरकार को उचित कारण बताया जाना चाहिए। यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है कि राज्यपाल किसी विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रख लेते हैं और राष्ट्रपति उस पर अपनी स्वीकृति रोक लेते हैं, तो राज्य सरकार अदालत में कार्रवाई कर सकती है। संविधान के अनुच्छेद 200 के अनुसार, राज्यपाल प्रस्तुत विधेयक पर स्वीकृति दे सकते हैं, या स्वीकृति रोककर उसे राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रख सकते हैं। हालांकि संविधान में स्वीकृति प्रदान करने के लिए समय अवधि का उल्लेख नहीं है, लेकिन किसी विधेयक को अनावश्यक रूप से लंबे समय तक विलंबित करना राज्य की कानून बनाने वाली मशीनरी में बाधा उत्पन्न करने के रूप में माना जाएगा।

## इंदौर के भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के बेटे ने माता टेकरी मंदिर में पुजारी से की अभद्रता



देवास (आरएनएस)। माता टेकरी पर शुक्रवार देर रात इंदौर के भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के पुत्र रुद्राक्ष शुक्ला ने वाहनों का काफिला ऊपर चढ़ा दिया। नेता पुत्र और उनके साथी यहीं नहीं रुके। मंदिर बंद होने के बावजूद खोलने के लिए पुजारी पर दबाव बनाकर अभद्रता की। पुजारी ने नेता पुत्र व अन्य युवकों के खिलाफ कोतवाली थाने में शिकायत की है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात 12.40 बजे वाहनों का काफिला माता टेकरी रपट मार्ग से ऊपर चढ़ा। इनमें से एक गाड़ी पर पुलिस की गाड़ी में लगने वाली लाल व नीली बत्ती भी लगी थी, जो चालू थी। पुजारियों ने बताया कि फिल्मी स्टाइल में कई युवक टेकरी पर आए। रात में पट बंद हो जाते हैं।

उसके बाद भी ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड से हुज्जत की गई। बत्ती लगे वाहनों का काफिला ऐसा था,

# झाबुआ में टैम्पो ट्रैक्स पलटा, 4 की मौत, 7 घायल, 2 की हालत गंभीर



झाबुआ.(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के झाबुआ में पेटलावद के रायपुरिया थाना क्षेत्र में बोलासा घाट पर शुक्रवार रात करीब 11 बजे सवारी वाहन (टैम्पो ट्रैक्स) पलटने से महिला समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई.

हादसे में 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. इलाज के दौरान एक और व्यक्ति ने दम तोड़ दिया. इस तरह मृतकों की संख्या 4 हो गई है. सभी घायलों को पेटलावद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायलों में 2 की हालत ज्यादा गंभीर है, जिन्हें गुजरात के दाहोद रेफर किया गया है. पेटलावद थाना प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि सभी लोग धार जिले के रहने वाले हैं. ये लोग परिवार के एक व्यक्ति को जहर खाने के बाद इलाज के लिए पेटलावद सिविल अस्पताल लेकर जा रहे थे. इसी दौरान बोलासा घाट पर वाहन चालक ने संतुलन खो दिया और गाड़ी पलट गई.

**हादसे में इन लोगों की गई जान**

दुरु हटीला, नानसीग भभोर, परमु हटीला, रेमा बाई पति केनु हटीला.

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय दूतावास पर हमला

## मेलबर्न में तोडफ़ोड़ एक्शन में भारत, आपत्ति जताई



नई दिल्ली.(आरएनएस)। मेलबर्न के भारतीय वाणिज्य दूतावास में एक बार फिर तोडफ़ोड़ की गई है. ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में भारतीय वाणिज्य दूतावास की दीवारों पर कुछ अराजक तत्वों ने आपत्तिजनक बातें लिख दीं. इस घटना के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने ऑस्ट्रेलिया सरकार से कड़ी आपत्ति जताई है और तुरंत जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. घटना के बाद कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस मुद्दे को ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के सामने रखा. इस दूतावास में पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं. अंतरराष्ट्रीय तनाव के दौरान पहले भी यहां की दीवारों पर भड़काऊ नारे लिखे गए थे. भारत ने साफ कहा है कि दुनिया के किसी भी देश में भारतीय दूतावासों की सुरक्षा उस देश की जिम्मेदारी है. विदेश मंत्रालय ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ऑस्ट्रेलिया से उचित कदम उठाने को कहा है.मेलबर्न में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान जारी कर बताया कि इस घटना को लेकर ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों से बात की गई है. बयान में कहा गया, भारतीय राजनयिक और वाणिज्यिक परिसरों और वहां काम कर रहे कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी ज़रूरी कदम उठाए जा रहे हैं. यह घटना भारत के लिए चिंता का विषय बनी हुई है और यह दिखाता है कि सरकार विदेशों में भी अपने नागरिकों और संस्थानों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है.

## हम बंदूक की नोंक पर बात नहीं करते- पीयूष गोयल



नई दिल्ली-(आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए वैश्विक टैरिफ संघर्ष के बीच, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत वर्तमान में व्यापार समझौते पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ चर्चा कर रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के हित सर्वोपरि रहेंगे और बातचीत बाहरी दबाव में नहीं की जाएगी। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की प्रगति के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने संवाददाताओं से कहा, मैंने पहले भी कई बार कहा है - हम बंदूक की नोक पर बातचीत नहीं करते हैं। समय की कमी समय पर चर्चा करने में मदद कर सकती है,



## भारतीय रेलवे, बेहतर अवसंरचना, बेहतर प्रौद्योगिकी, बेहतर रेलगाड़ियों के साथ मुंबई उपनगरीय नेटवर्क में बेहतर सेवाओं को प्रोत्साहन देने के लिए तैयार है

नई दिल्ली (आरएनएस)। आज मुंबई में आयोजित बेहतर अवसंरचना, बेहतर प्रौद्योगिकी, बेहतर रेलगाड़ियां विषय पर मीडिया से बातचीत में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता को संबोधित किया और महाराष्ट्र में रेलवे के बुनियादी ढांचे में परिवर्तनकारी प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने मुंबई उपनगरीय रेलवे नेटवर्क पर विशेष ध्यान देने के साथ आधुनिकीकरण, बेहतर यात्री अनुभव और बेहतर क्षेत्रीय संपर्क के लिए भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**बेहतर अवसंरचना**-केंद्रीय मंत्री श्री वैष्णव ने इस बात पर बल दिया कि अवसंरचना का विकास उपनगरीय सेवाओं को बढ़ाने के लिए आधारशिला है। उन्होंने कहा कि लगभग 17,000 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाएँ, 300 किलोमीटर से अधिक नई लाइनों को कवर करती हैं और वर्तमान में तीव्र गति से चल रही हैं। इन पहलों का उद्देश्य मौजूदा लाइनों पर भीड़भाड़ कम करना, सेवा आवृत्ति में सुधार करना और मुंबई के उपनगरीय यात्रियों की लगातार बढ़ती माँग को पूरा करना है।

**बेहतर प्रौद्योगिकी-** श्री वैष्णव ने कवच 5.0 के आगामी शुभारंभ की घोषणा की, जो उपनगरीय खंड के लिए तैयार की गई अत्याधुनिक सुरक्षा और सिग्नलिंग प्रणाली है। कवच 5.0 से अंतर-रेलगाडी हेडवे में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है, जिससे अधिक रेलगाडियां सुरक्षित और कुशलतापूर्वक चल सकेंगी।

**बेहतर रेलगाडियां**- केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए एक बड़े सुधार के अंतर्गत, जल्द ही 238 नए वातानुकूलित उपनगरीय रेक शुरू किए जाएंगे। इन रेकों को मुंबई के यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अनोखे ढंग से डिज़ाइन किया गया है, जो अधिक आरामदायक और भरोसेमंद यात्रा का वादा करते हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस ने यह भी बताया कि मुंबई वन कार्ड जल्द ही शुरू किया जाएगा, जो उपनगरीय रेलगाड़ियों, मेट्रो रेल, मोनो-रेल, बेस्ट बसों आदि में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एमएमआर क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन को बदलने के लिए एकल और एकीकृत कार्ड है। इस बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और रोलिंग स्टॉक की उन्नति से उपनगरीय सेवाओं की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है, जिससे लाखों मुंबई वालों के लिए दैनिक परिवहन में परिवर्तनकारी सुधार होगा। रचनात्मक क्षेत्र में राष्ट्रीय महत्व का पहला भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान, मुम्बई में स्थापित किया जाएगा और यह भारतीय रचनात्मक उद्योग के लिए एक परिवर्तनकारी कदम होगा, जिससे यह विश्व स्तरीय अवसंरचना केन्द्र बन जाएगा।

बातचीत के दौरान गोंदिया-बल्लारशाह रेलवे लाइन के दोहरीकरण की एक प्रमुख घोषणा थी, जो 4,819 करोड़ रुपये के निवेश से 240 किलोमीटर का महत्वपूर्ण गलियारा है।

किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता

## जैश-ए-मोहम्मद के 3 आतंकी ढेर, अखनूर में जवान शहीद



जम्मू. (आरएनएस)। जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है. सेना के जवानों ने मुठभेड़ में 3 आतंकियों को मार गिराया है. अधिकारियों ने बताया कि सुबह एक पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराने के बाद सुरक्षा बलों ने किश्तवाड़ जिले के चटरू के नायदगाम जंगलों में दो अन्य को मार गिराया. मारे गए आतंकवादियों की पहचान जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर सैफुल्लाह, फरमान और बाशा के रूप में हुई है. प्रत्येक पर 5 लाख रुपए का इनाम था. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने 9 अप्रैल को इलाके में एक अभियान शुरू किया था. हमने सबसे पहले सुबह एक आतंकवादी को मार गिराया और फिर बाद में दो अन्य को मार गिराया. इस अभियान में सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एसओजी के 2, 5 और 9 पैरा के कमांडो शामिल थे. आतंकवाद विरोधी अभियान घने जंगल वाले बर्फ से ढके पहाड़ों में चलाए गए. अधिकारी ने बताया कि सेना ने भाग रहे आतंकवादियों का पता लगाने के लिए हेलीकॉप्टर तैनात किए. मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए गए. 5 सेक्टर असम राइफल्स के कमांडर ब्रिगेडियर जेवीएस राठी और डोडा-किश्तवाड़-रामबन रेंज के डीआईजी श्रीधर पाटिल 5 असम राइफल्स मुख्यालय में पूरे ऑपरेशन के बारे में मीडिया को जानकारी देंगे. अखनूर जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया. इसके बारे में जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि सेना के जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) शहीद हो गए,




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना रांझी में सुमित गोंड़ उम्र 17 वर्ष निवासी कांचीपुरम व्हीकल मड्ढई ने रिपोर्ट दर्ज कि वह सिद्धी विनायक कालोनी ग्राउण्ड के पास खड़ा था वहां पर रोहित यादव आकर उससे शराब पीने के लिये रूपयों की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा तथा पहने हुये कड़ा से हाथ में चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 119( 1 ), 115( 2 ), 119( 1 ), 351( 2 ) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया

# भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय में प्रारंभ

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत के दो दिवसीय प्रांत प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कृषक भवन में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र, रजिस्ट्रार डॉ एस एस तोमर, प्रधानमंत्री एमएसपी कमेटी के सदस्य व भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर के अखिल भारतीय अध्यक्ष प्रमोद चौधरी, किसान संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष विशाल चंद्राकर, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, क्षेत्र संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना, प्रांत अध्यक्ष गजराज सिंह जी उपस्थिति में ध्वजारोहण, भारत माता व भगवान बलराम के पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि देश की




कृषि नीतियों में तेजी से बदलाव आ रहा हैं। देश के किसानों को भी राज्य व केंद्र सरकारों की नीतियों को जानना आवश्यक है। इसलिए यह वर्ग प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण है। जो प्रांत के जिलों में जाकर ग्राम समिति के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देंगे।

**60 हजार गांवों के 4 लाख किसानों को प्रशिक्षण**

महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने बताया कि देश भर में किसान संघ की 60 हजार ग्राम समितियां हैं। इसलिए किसान संघ ने देश के 4 लाख कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने की योजना बनाई है, क्योंकि देश के दूर गांव में बैठे किसान को पता होना चाहिए कि किसान हित में जो नीतियां बनी हैं वो किसान हितैषी हैं या नहीं। यदि नीति किसान हित में नहीं है तो हम किसान संघ की रीति नीति के अनुसार उसका प्रतिकार करेंगे।

**ग्राम समिति को बनाए सशक्त**

किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने ग्राम समिति को सशक्त बनाने की बात करते हुए कहा कि जिस दिन किसान संघ की ग्राम समिति ताकतवर व मजबूत बन जाएगी। उस दिन गांव का किसान जो तय करेगा वह सरकार को सुनना पड़ेगा और योजनाएं बनाकर क्रियान्वयन भी करना पड़ेगा।

**सैकड़ों की संख्या में पहुंचे किसान**

भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत के प्रांत प्रशिक्षण वर्ग में 24 जिलों के किसान प्रशिक्षण में शामिल होने नाना देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर पहुंचे हैं और जो यहां दो दिन तक रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

**प्रेमनगर और जी सी एफ में होगा मुख्य आयोजन**

# खालसा पंथ का सृजन दिवस वैसाखी महापर्व की आज देशभर में होगी धूम

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। खालसा पंथ का सृजन दिवस और फसलों की कटाई उपरान्त मनाया जाने वाला वैसाखी महापर्व की आज देशभर में धूम रहेगी । संस्कारधानी जबलपुर में आज 13 अप्रैल को मुख्य आयोजन गुरुद्वारा प्रेमनगर, मदनमहल और गुरुद्वारा जी सी एफ में होगा जहां धूमधाम से बैसाखी महापर्व मनाया जाएगा। दोनों ही आयोजनों में श्री दरबार साहिब अमृतसर, पंजाब के विख्यात हुजूरी रागी जत्था भाई जगतार सिंह, ढाड्डी जत्था भाई ब्रिछपालसिंह, बरकंडी वाले, इतिहासविद ज्ञानी हरमीत सिंह,जम्मू सहित अनेक विद्वतजन शिरकत करेंगे। अभिलाषियों को अमृत पान भी करवाया जाएगा और सिख नारी मंच के नेतृत्व में रक्तादान शिविर लगाया जाएगा। विभिन्न संस्थाओं द्वारा लस्सी और शरबत, छबील के स्टाल लगाकर सेवा की जाएगी। गुरु का लंगर दिनभर वितरित किया जाएगाप्रधान साहब मंजीत सिंह ननडा, चरणजीत सिंह कैला, सुरिंदर सिंह होरा, हरमीत सिंह धन्जल, बलजीत सिंह मांगट, अवतार सिंह पलाहा, अजायब सिंह कैंबो एवं प्रबंधक कमेटी ने साध संगत से सहयोग एवं उपस्थिति की अपील की है।

गुरुद्वारा जी सी एफ के प्रधान महेंद्र सिंह नागी एवं सचिव परमदीप सिंह मैनी ने बताया कि आजादी से पूर्व सन 1941से यहां वैसाखी महापर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां आज कीर्तन दरबार और गुरु का लंगर पंगत में वितरित किया जाएगा। साथ ही गणमान्य समाज सेवियों को सम्मानित भी किया जाएगा।प्रबंधक कमेटी ने उपस्थिति की अपील की है। नगर के विभिन्न हिस्सों में फल और मिष्ठान के साथ ही जरुरतमंद छात्रों को कापी और किताबें प्रदान की जाएंगी

वैसाखी पर आज रातभर गुरु का लंगर पकाने और तैयार करने हेतु कार सेवा की गई इसमें महिला पुरुषों के साथ ही युवा एवं बच्चों ने भी शिरकत की । वैसाखी पर गुरुद्वारों की आकर्षक विद्युत सज्जा से रोशन किया गया है।

# जीसीएफ में पांच दिवसीय विरोध प्रदर्शन का समापन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ऑल इंडिया असोसिएशन ऑफ नॉनगैजेटेड ऑफीसर्स द्वारा दिनांक 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक डिफेंस के सभी निदेशालय में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से केंद्र सरकार तक अपनी मांगों को पहुंचाया गया? इसी तारतम्य में ,ढ्ढह्लह की ह्नष्टस्न ब्रांच में प्रभारी अधिकारी के माध्यम से रक्षा मंत्री, डिफेंस सेक्रेट्री तथा पेंशन सेक्रेटरी को ज्ञापन भेजा गया. ज्ञापन में ऑर्डनेंस फैक्ट्रीयों के निगमीकरण पश्चात प्रसार भारती मॉडल लागू सभी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति तक सरकारी कर्मचारी बनाए रखना,

**रक्षा मंत्री को प्रेरित किया ज्ञापन**

एनपीएस यूपीएस को खत्म कर सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ प्रदान करना तथा सभी ऑर्डिनेंस फैक्ट्रीयों को पर्याप्त वर्कलोड देकर चार्जमेंन केडर की विभिन्न समस्याओं का समाधान करना आदि मांगे की गयीं. इस मौके पर संजय सिंह,नरेश बाजपेई, कुमार विभु, संजय शाह, राहुल कुमार, मनीष चौरसिया, कुमार संजय, मुकेश बट्टी, सुजीत कुमार, अवनीश कुमार, राजेंद्र रावत, अंजनी कुमार, सचिव चौकसे, संदीप जाटव, रवि शाह, संतोष कुमार , दीपक गनोरकर, धीरज सिन्हा इत्यादि उपस्थित रहे.

## प्रताड़ित करने वाले आरोपी पति, सास, ननद पर प्रकरण दर्ज

जबलपुर - थाना पाटन में श्रीमती अर्चना प्यासी उम्र 29 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी सचिन ज्योतिषी उम्र 35 वर्ष निवासी सुभाष वार्ड थाना कोतवाली जिला मंडला के साथ दिनांक 22-4-22 को हिन्दू रीति रिवाज से हुयी थी उसके माता पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार शादी की थी, 3 माह तक ससुराल वालों ने अच्छे से रखा उसके बाद पति सचिन , सास शशि तथा ननद पूजा छोटी छोटी बातों के लेकर झगड़ा कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे एवं मायके से दहेज में एक व्हीलर एवं 10 लाख रूपये की लाने की मांग करने लगे वह मना करती तो पति उसके साथ गाली गलौज करते एव पति मारपीट करता था, धनतेरस अक्टूबर 2022 में उसके साथ मारपीट कर पति ने जबरदस्ती मायके छोड गया

# 465वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा चैत्र पूर्णिमा पर निकली

**हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए निकली**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक माह की पूर्णिमा को सैकड़ो वर्षों से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा चैत्र पूर्णिमा पर सुबह 465 वी परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज सिद्धन माताजी बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के साथ नर्मदा भक्त हाथों में भगवा ध्वज लेते हुए संकीर्तन मंडलियों के साथ हनुमान जी महाराज का गुणगान करते हुए निकली नर्मदा महाआरती संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डॉ सुधीर भगवान ने बताया परिक्रमा वासियों को बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण किया गया परिक्रमा बेनगंगा पुल से प्रारंभ होकर 64 योगिनी पंचवटी धुआंधार लमेटा



घाट से नाव पार कर शनि मंदिर डुडुवाड़ा इमलिया न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट में नाव पार कर आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन इस अवसर पर बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल पं मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल राघवेंद्र शुक्ला विनोद दीवान मनोज गुलाबवानी घनश्याम बबेले कैलाश विश्वकर्मा विशाल पंड्या प्रभाकर चतुर्वेदी सत्य प्रकाश नामदेव अवधेश खरे सचिन अग्रवाल एडवोकेट रवि चौरसिया पुणे से नर्मदा भक्तों की टोली आई आदि उपस्थित थे

# एडवोकेट जमुना प्रसाद अग्रवाल चौक में हनुमान जी की आरती के साथ हुआ प्रसाद वितरण






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर रानीताल स्थित एडवोकेट जमुना प्रसाद अग्रवाल चौक में हनुमान जी महाराज की आरती उतार कर कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर क्षेत्रीय बंधु गण उपस्थित होकर हनुमान जी महाराज की आरती उतारी इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री शरद अग्रवाल , उद्योगपति कमल ग्रोवर , संजय सिन्हा , कन्हैया जी , मुरारी जी सरदार सुरजीत सिंह आदि उपस्थित रहे ।

**इंडियन पीपुल्स अधिकारी पार्टी की अस्पताल सील करने की मांग**

# मध्यप्रदेश में मेडिकल माफिया का चला रहे 174 बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पताल

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राश्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव व स्वास्थ्य सचिव को प्रेशित ज्ञापन में मध्यप्रदेश को अवैध व बिना रजिस्ट्रेशन संचालित हो रही 174 अस्पतालों के संचालकों पर एफ.आई.आर. दर्ज कर अस्पतालों को सील कर बंद करने की मांग की है। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी की मांग के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यवाही प्रदेश स्तर पर, जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर में की जा रही है। भोपाल के 4 क्लिनिक सील, ग्वलियर के 60 अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन रद्द, राजधारी भोपाल में बिनाव रजिस्ट्रेशन चल रहे 15 अस्पताल, भोपाल के ये 4 अस्पताल किये गये सील - तथास्तु डेंटल क्लीनिक होशंगाबाद रोड, स्किन स्माइल क्लीनिक, कॉस्मो डर्मा स्किन एंड हेयर क्लीनिक ई-2 अरोरा कालोनी, एस्थेटिक वर्ल्ड, ई-4 अरोरा कालोनी, स्किन स्माईल क्लीनिक और कॉस्मो डर्मा में बिना एक्सपर्ट हो रहा था स्किन ट्रीट्मेंट एक अस्पताल संचालक के पास सिर्फ बीएचएमएस की डिग्री थी। भोपाल में बिना भोपाल में बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे 15 अस्पताल सूर्यांश मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, भानपुर, मैक्स मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शिव नगर, मेडिसिटी हॉस्पिटल, शाहजहानाबाद, पॉलीवाल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, ढ्ढस्क्क्ष, डॉ.मलिक्स मिड सिटी हॉस्पिटल,गिन्नोरी रोड, कैपिटल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल,करोंद, जीवीएम आशीर्वाद हॉस्पिटल,बेरासिया रोड, पुखराज मल्टीसिटी हॉस्पिटल,कोहेफिजा,टेस्ट्स हॉस्पिटल,टीटी नगर, गुरुदत्त यूरो हॉस्पिटल, फतेहगढ़, अनुपम हॉस्पिटल, अकरबपुर कोलार, महावीर हॉस्पिटल, कोलार रोड, संकल्प नेत्रालय,एमपी नगर, भोपाल न्यूरो साइकियाट्रिक सेंटर, कोहेफिजा, भोपाल हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी ट्रॉमा सेंटर, इब्राहीमपुर रोड7

# NSUI के दबाव में मिला न्याय - विभाग ने स्वीकार की गलती, नफीसा बानो को अवैध वसूली का भुगतान ब्याज सहित लौटाने का आदेश जारी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता विराज यादव के प्रयासों और जनदबाव के चलते प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालय, राजगढ़ द्वारा की गई न्यायालय की अवहेलना पर अब उच्च शिक्षा विभाग ने संज्ञान लिया है और आदेश जारी कर दिया है कि नफीसा बानो से की गई अवैध वसूली ब्याज सहित वापस की जाए। यह मामला . 24047/2019 (नफीसा बानो बनाम उच्च शिक्षा विभाग व अन्य) का है, जिसमें मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट निर्देश दिए थे कि सेवानिवृत्त कर्मचारी की पेंशन से की गई कोई भी अवैध वसूली अवैध मानी जाएगी, और यदि की गई हो तो उसे ब्याज सहित लौटाया जाए। इस अवमानना को लेकर विराज यादव ने एक मजबूत अभियान शुरू किया था, जिसमें उन्होंने दिनांक [05/04/2025] को निम्न वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा-

1. अनुराग जैन, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन 2. अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग 3. निशांत वरवड़े, आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग

ज्ञापन में उठाए गए मुख्य बिंदु-

न्यायालय के आदेश के बावजूद विभागीय चुप्पी और कॉलेज का टालमटोल रवैया

विधानसभा में सकरण आदेश जारी कर न्यायालय की जगह राजनीतिक स्पष्टीकरण देना रिटायर्ड व्यक्ति की मानसिक पीड़ा और सम्मानजनक जीवन का उल्लंघन

आज आया विभाग का आदेश-

अब विभाग ने लिखित आदेश जारी कर दिया है कि नफीसा बानो से की गई समस्त वसूली राशि उन्हें ब्याज सहित वापस की जाए, और साथ ही भविष्य के लिए भी यह सुनिश्चित किया जाए कि ऐसी कोई वसूल न्यायालय के निर्देशों के विपरीत न की जाए।*

विराज यादव का बयान- यह जीत न्यायपालिका, संविधान और जनता की आवाज़ की है। हम सिर्फ एक व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हक़ के लिए लड़ रहे हैं। अगर कोई अन्य व्यक्ति भी ऐसी वसूली या आदेशों की अवमानना का शिकार है, तो वह मुझसे सीधे संपर्क कर सकता है।

## अकाल मृत्यु

जबलपुर- थाना बरेला मे छकौड़ी गौड़ उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम जमुनिया ने सूचना दी कि उसका छोटा भाई भगोनी गौंड़ उम्र 45 वर्ष सुबह लगभग 8 बजे मंडला काम पर जाने की कहकर घर से गया था जो वापस नहीं आया था आज सुबह लगभग 6 बजे गांव के लोगों ने उसे घर आकर बताये कि तुम्हारा भाई भगौनी गौड़ नहर पुल बल्हवारा के पास पीपल के पेड़ से रस्सी से फंसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

थाना ग्वारीघाट में आज सुयश अवस्थी उम्र 27 वर्ष निवासी त्रिवेणी ग्रीन रेसीडेंसी पोलीपाथर ने सूचना दी कि आज सुबह लगभग 10 बजे रोजाना की तरह जिलहरी घाट नहाने गया था देखा जिलहरी घाट मोड़ के पास शारदा मंदिर के सामने सागोन के जंगल में एक अज्ञात महिला उम्र लगभग 65 वर्ष का

# हाजी सुब्हान अल्लाह शाह बाबा के उर्स में उमड़ा जनसैलाब

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुस्लिम बहुल क्षेत्र सुब्बा शाह स्तिथ हजरत सुब्हान अल्लाह शाह रह. अलैह का 88 वॉ दो दिनी उर्स का आगाज कल जुमा को चादर जुलूस के साथ हुआ। दरबारे सुबहानिया के सज्जादानशीन बदरुद्दीन गुड्डू बाबा की सरपरस्ती में अकीदत व मोहब्बत के साथ चादर संदल जुलूस निकाला गया

चादर जुलूस मे मौलाना जुनून नक्शबंदी, नागपुर से बाबा के खानदान से तशरीफ लाये जमील भाई, गब्बू भाई, शुफ़ी नसीम भाई, रियाज भाई, अतीक़ भाई यार मोहम्मद अंसारी, सुल्तान खान, रफीक पहलवान, नईम शाह सहित सैकड़ो अकीदत मंद शामिल रहे। मरहूम सलाम कलाम के मकान चांदनी चौक से संदल चादर जुलूस निकाला गया। मुस्लिम बहुल



क्षेत्र मंडी मदार टेकरी, हड्डिगोदाम , पंचकुइयां होते हुए चादर जुलूस दरगाह शरीफ पहुंचा। जहाँ परम्परानुसार मजारे अकदस पर चादरपोशी और गुलपोशी की रस्म अदा की गई। रात्रि 10 बजे से महफिलें सिमा का एहतेमाम किया गया जिसमे जबलपुर के मुकामी कव्वाल गुलाम सुब्हानी, शब्बीर सखाबत,शकील मोअज्जन ने एक से बढ़कर कलाम पेश किए। आज 12 अप्रैल शनिवार को चाँदनी चौक से चादर शरीफ का जुलूस निकाला गया जिसमे घोड़े, ऊंट,अखाडा के साथ श्याम बेंड जो हनुमानताल, घोड़ा नक्कास, ढलगर मोहल्ला, यकिनिया चौक, नालबंद मोहल्ला, चारखम्बा, बहोराबाग, ठक्कर ग्राम होता हुआ मजारे अकदस पर पहुंचा।। जहां चादर व गुल पोशी की रस्म अदा की गई।



भोपाल- उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शुक्रवार को भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान ( एनआईटीटीटीआर ) के सभागृह में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई जी होलकर के त्रिशताब्दी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित ऋलोकमाता अहिल्याबाई ॰राष्ट्र पुनरुत्थान की संकल्पनाऋ विषय पर आयोजित 2 दिवसीय अखिल भारतीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में सहभागिता की।



### राजा भोज द्वारा निर्मित बड़ा तालाब तकनीकी उत्कृष्टता का है श्रेष्ठ उदाहरण

# उन्नत और समृद्ध रही है प्राचीन भारतीय वास्तुकला- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल -(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्राचीनकाल से ही आर्किटेक्ट्स का विशेष महत्व रहा है। राजा भोज स्वयं बड़े वास्तुकार थे। भोपाल ताल सहित प्राचीन स्थापत्य के कई उदाहरण भोपाल और इसके आसपास विद्यमान है। भोपाल का ताल मूलत: बांध है। एक हजार साल पहले बनी है यह अद्भुत और बेमिसाल संरचना आज भी सामयिक और बड़ी आबादी के लिए उपयोगी है। मितव्ययता और तकनीकी उत्कृष्टता के साथ निर्मित यह संरचना, प्राचीन समृद्ध ज्ञान परंपरा का जीवंत उदाहरण है, जिस पर आज भी विचार प्रासंगिक है। इस दृष्टि से भोपाल में हो रहा आर्किटेक्ट्स सम्मेलन विशेष महत्व का है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन ट्रांसम के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वास्तुशिल्प नवाचार को प्रोत्साहित करते हुए वास्तुकला उत्कृष्टता में विरासत को समाहित करने के लिए डॉ. निधिपति सिंघानिया को भारतीय वास्तुकार संस्थान (आईआईए) फैलोशिप से सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आर्किटेक्ट्स को विश्वकर्मा बंधु संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर वास्तुकला और पूजा पद्धतियों में कई रहस्य विद्यमान हैं। भस्म आरती जन्म से लेकर मृत्यु तक की जीवन यात्रा को संक्षिप्त रूप में दिखाने का प्रकल्प है। राजा भोज द्वारा बनवाया गया भोजपुर मंदिर और उनके बड़े भाई राजा मुंज द्वारा मांडव में बनाई गई संरचनाएं तत्कालीन उत्कृष्ट वास्तु शिल्प का उदाहरण है। उत्कृष्ट तकनीक के ये प्रतीक हमारी संस्कृति पर गौरव और आत्म सम्मान का आधार भी हैं। उन्होंने कहा कि राजा भोज कई विधाओं के विशेषज्ञ थे, उन्होंने विभिन्न विषयों पर पुस्तक भी लिखी। उनकी राजधानी उज्जैन थी लेकिन उत्तर की ओर से हो रहे आक्रमणों से नागरिकों की सुरक्षा के लिए राजा भोज ने अपनी राजधानी को मांडव में स्थापित किया और वहां उत्कृष्ट जल संरचनाओं का भी निर्माण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस दौर में मध्यप्रदेश बदल रहा है, प्रदेश में औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, जलवायु, जन सामान्य का आत्मीय व्यवहार, सड़क-बिजली-पानी जैसी अधोसंरचनात्मक सुविधाएं, प्रदेश को निवेश के लिए आदर्श राज्य बनाती हैं। व्यवसायियों और उद्योगपतियों को कार्य में परेशानी ना आए इस उद्देश्य से ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ-साथ सेक्टर विशेष पर केंद्रित नीतियां लागू की गई है। प्रदेश में मेट्रोपॉलिटन सिटी भी तेजी से विकसित हो रही हैं, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर जैसे बड़े शहरों से आसपास के पांच जिलों को जोड़कर विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में इंदौर, उज्जैन, देवास, धार, शाजापुर को मिलाकर मेट्रोपॉलिटन विकसित करने की कल्पना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वास्तुकारों को मध्यप्रदेश में गतिविधियों के विस्तार के लिए आमंत्रित किया।

कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि है कि संस्था द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स वर्ष 1917 में स्थापित हुई, इसका मुख्यालय मुम्बई में है। देश के वास्तुविदो को संगठित कर वास्तु कला को बढ़ावा देने में संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका है। वास्तु कला और भवन निर्माण से जुड़े विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से यह संस्था निरंतर समन्वय और सम्पर्क में रहती है। संस्था के सम्मेलन को भारत के सबसे बड़ा वास्तु कला उत्सव के रूप में देखा जाता है।

### अब केवल सरकारी रिफाइनरीज से लिया जायेगा डामर,काटने की बजाय पेड़ों की होगी शिफ्टिंग-नई एसओआर में जोड़ी गई शर्तें

# नवीन एसओआर केवल एक तकनीकी दस्तावेज नहीं, विजन 2047 की दिशा में विभाग के सुनियोजित प्रयासों का है प्रतीक - मंत्री राकेश सिंह

भोपाल (आरएनएस) लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा जारी नवीन एस.ओ.आर. (दर अनुसूची) केवल एक तकनीकी दस्तावेज नहीं, बल्कि यह विजन 2047 की दिशा में विभाग के सुनियोजित प्रयासों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण के कार्यों में गुणवत्ता, नवीन तकनीकों का समावेश और पर्यावरणीय संतुलन को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाना चाहिए, जिससे निर्माण कार्यों के माध्यम से नागरिकों के जीवन में वास्तविक सुधार लाया जा सके। मंत्री श्री सिंह निर्माण भवन में सड़क एवं पुल कार्यों की नवीन एस.ओ.आर.(दर अनुसूची) के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग का यह नवीन एस.ओ.आर. लोक निर्माण से लोक कल्याण की भावना को और अधिक मजबूत करेगा। तकनीक के साथ पारदर्शिता, गुणवत्ता के साथ गति और निर्माण के साथ जनकल्याण इन्हीं मूल सिद्धांतों पर आधारित यह दस्तावेज प्रदेश को अधोसंरचना विकास के नए मानदंडों की ओर अग्रसर करेगा।



राज्य में अधोसंरचना विकास को अधिक सक्षम, पारदर्शी और पर्यावरण-मित्र बनाने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क एवं पुल निर्माण कार्यों के लिए यह नवीन एस.ओ.आर. जारी किया गया है। यह दस्तावेज विभागीय तकनीकी प्रक्रियाओं को न केवल अद्यतन करता है, बल्कि इसमें कई ऐसी व्यवस्थाएं भी की गई हैं जो प्रदेश की जलवायु, पर्यावरणीय परिस्थितियों और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई हैं। मंत्री श्री सिंह ने कहा, यह नई एस.ओ.आर. केवल निर्माण दरों का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह मध्यप्रदेश के विकास, पर्यावरण संतुलन और तकनीकी आधुनिकीकरण का एक विजन है। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश की हर सड़क और हर पुल न केवल टिकाऊ और सुरक्षित हो, बल्कि पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी मजबूती से प्रतिबिंबित करे।

मंत्री श्री सिंह ने कहा नई एस.ओ.आर को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। यह न केवल मध्यप्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी प्रदेश को एक आधुनिक, पर्यावरण-संवेदनशील और तकनीकी रूप से उन्नत निर्माण विभाग के रूप में स्थापित करेगा। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री भरत यादव ने कहा कि नई एस.ओ.आर के माध्यम से मध्यप्रदेश में सड़क और पुल निर्माण में तकनीकी उन्नयन, पर्यावरण संरक्षण और गुणवत्ता का अभूतपूर्व समन्वय देखने को मिलेगा। प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री के.पी.एस. राणा, प्रमुख अभियंता भवन श्री एस.आर. बघेल, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के प्रमुख अभियंता श्री ध्रुवकर सहित विभाग और एमपीआरडीसी के सभी वरिष्ठ अभियंता और अधिकारी उपस्थित रहे।

नई एस.ओ.आर में पुरानी सूची के 309 आइटम की तुलना में 817 से अधिक नए आइटम शामिल किए गए हैं, जो आधुनिक तकनीकों, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। सड़क निर्माण में डामर की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अब यह अनिवार्य किया गया है कि डामर केवल सरकारी रिफाइनरियों- हिंदुस्तान पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम से ही लिया जाएगा। इस कदम से न केवल सामग्री की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सकेगा।

# मंत्री पटेल ने ग्राम रीछई में किया विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

भोपाल(आरएनएस)-पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने करेली जनपद पंचायत रीछई में लगभग 50 लाख रुपए की लागत के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र, दाने दादा से मृगेन्द्रनाथ धाम की ओर सुदूर सड़क, सामुदायिक भवन एवं आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक दो का लोकार्पण और खेल मैदान समतलीकरण सीढ़ी एवं रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।



मंत्री श्री पटेल कहा कि आज श्री मृगेंद्रनाथ धाम आने का अवसर मिला है। यह धाम बहुत प्राचीन है।यहाँ से गहरा नाला का उद्गम हुआ है जो नर्मदा नदी में जाकर मिलता है। जिले में ऐसी बहुत कम नदियाँ है, जो नर्मदा में समाहित होती है। इस संबंध में उन्होंने सागर जिले के केसली जनपद के खैरी गांव का उल्लेख करते हुए बताया कि यह दो नदियों सुनार और सिंदूर का उद्गम स्थल है।मंत्री श्री पटेल ने बताया कि उनके गुरु परम पूज्य श्री श्री बाबा श्री जी ने कहा था कि नदी का उद्गम ऊर्जा और नदी का संगम जीवन देता है। हमने अपने लालच के लिए जल का दोहन तो किया है लेकिन उसके संचयन के लिए ध्यान नहीं दिया।मृगेंद्रनाथ धाम के समीप गहरा नाला बारहमासी नहीं है, हमें इसके कारणों को जानना होगा जिससे हम इसमें जल संरक्षित कर सके।

मंत्री श्री पटेल ने बताया कि राज्य सरकार जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। छोटी नदियों और जल स्त्रोतों के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए न केवल प्रशासन बल्कि आम नागरिकों की जन भागीदारी भी आवश्यक है। छोटी- छोटी जल संरचनाओं को यदि हम सुरक्षित करते हैं तो भविष्य में जल संकट से बच सकते हैं और इसी उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश भर में वृहद स्तर पर शुरू किया गया है, जिससे हमारे जलाशयों की सफाई, छोटी नदी, तालाब आदि जल संरचनाओं को संरक्षित किया जा सके और पौधारोपण किया जा सके। सभी की भागीदारी से ही इस अभियान की सफलता है। हमें एकजुट होकर जल संरक्षण के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति का अनुपम वरदान है जल। इसे हमें अपने और भावी पीढ़ी के लिए बचाना होगा। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

# राशन हितग्राही 30 अप्रैल तक ई-केवायसी करा ले - खाद्य मंत्री राजपूत

भोपाल-खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने राष्ट्रीय खाद्य, सुरक्षा अधिनियम के पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी 30 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर करने के निर्देश दिये हैं। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत 543.31 लाख पात्र हितग्राहियों में से शेष 108.27 लाख हितग्राहियों की ई-केवायसी 30 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश भारत सरकार द्वारा प्राप्त हुए हैं। समय-सीमा में समस्त पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी न होने पर हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। इसलिये समस्त पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि 9 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रदेश में ई-केवायसी कराने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान में ई-केवायसी से शेष रह गये सभी पात्र हितग्राहियों की सूची पीओएस मशीन, स्थानीय निकाय, जेएसओ लॉगिन पर उपलब्ध कराई गयी है। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय प्रशासन विभाग के स्थानीय अमले का सहयोग लिया जा रहा है। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा है कि अभियान में हितग्राहियों की ई-केवायसी ग्रामवार एवं मुहल्लेवार कैंप लगाकर की जाये।

# स्त्री शिक्षा की नींव रखने में ज्योतिबा फुले का अतुलनीय योगदान- राज्यमंत्री श्रीमती गौर

भोपाल-(आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में फैली कुरीतियों से लड़ने के लिए आंदोलन भी चलाया था। देश में स्त्री शिक्षा की नींव रखने और छुआछूत के खिलाफ अलख जगाने में उनका उल्लेखनीय योगदान है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर शुक्रवार को भोपाल में सात नंबर बस स्टॉप ज्योतिबा फुले चौराहे पर मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गौर ने कहा कि भारतीय समाज को सशक्त बनाने तथा महिला शिक्षा की अलख जगाने में ज्योतिबा फुले का योगदान युगों-युगों तक याद किया जाएगा।



श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि अंग्रेजों की हुकूमत जब इस देश में चारों तरफ देश की जनता को गुलामी की बेड़ियों में जकड़े हुए थी तब ज्योतिबा फुले ने कहा था की शिक्षा का स्तर इस प्रकार से होना चाहिए की शिक्षा का प्रकाश समाज के कोने-कोने तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि हम सब को इस बात का संकल्प लेना होगा कि शिक्षा हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और हर एक व्यक्ति को शिक्षा मिलनी ही चाहिए। श्रीमती गौर ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने हमारे सामाजिक ढांचे की जड़ को हिलाकर उसमें सामाजिक चेतना का संचार करने का काम किया था। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्?द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार लगातार दलितों, पिछड़ों को शिक्षा की दृष्टि से आगे बढ़ाने के लिए योजनाओं का संचालन कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार पिछड़े वर्गों को शिक्षित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम में भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, सांसद श्री आलोक शर्मा, विधायक श्री भगवान दास सबनानी, माली समाज के अध्यक्ष श्री जी.पी. माली सहित संयुक्त माली, सैनी, मुरार समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# महिला ने एक साथ 4 बच्चों को दिया जन्म,दो की हालत गंभीर

भोपाल (आरएनएस)। कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में बुधवार को एक चौंकाने वाला और दुर्लभ मामला सामने आया, जब एक महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया। इनमें दो बेटियां और दो बेटे शामिल हैं। यह अस्पताल के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब किसी महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया हो। इससे पहले, पिछले साल एक महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया था।

डॉक्टरों के अनुसार, बच्चों का जन्म समय से पहले, यानी गर्भावस्था के सातवें महीने में ऑपरेशन के जरिए कराया गया। चारों नवजातों का वजन 800 ग्राम से 1 किलो के बीच है, जो सामान्य से काफी कम माना जाता है। फिलहाल सभी बच्चों को अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है, जिनमें से दो की हालत गंभीर है और उन्हें वॉर्मर पर रखा गया है। डॉक्टर के अनुसार एक साथ तीन बच्चों का जन्म अब आम होता जा रहा है, लेकिन चार बच्चों का जन्म एक दुर्लभ घटना है। महिला जब पहली बार जांच के लिए अस्पताल आई थी, तब सोनोग्राफी में चार भ्रूणों की पुष्टि हो चुकी थी।

सातवें महीने में प्रसव पीड़ा शुरू होने पर महिला को तत्काल इमरजेंसी में भर्ती किया गया। इस प्रकार के मामलों में महिला और बच्चों दोनों की विशेष देखभाल जरूरी होती है।

### पुंगनूर नस्ल की गायों के पालन पोषण के बारे में जानकारी प्राप्त की

# पशुपालन राज्य मंत्री पटेल ने किया पुंगनूर संरक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र, पालमनेर का भ्रमण

भोपाल (आरएनएस) पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने विगत दिनों आंध्रप्रदेश के पुंगनूर संरक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र, पालमनेर, जिला चित्तूर का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रमुख रूप से पुंगनूर नस्ल की गायों के पालन पोषण के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा मध्यप्रदेश में इसके पालन की संभावनाओं को तलाशा। गायों की यह नस्ल अपने छोटे आकार, कम रखरखाव और तुलनात्मक रूप से अच्छी दूध देने वाली नस्ल के लिए जानी जाती है। भ्रमण में मंत्री श्री पटेल द्वारा अनुसंधान केन्द्र के संचालक एवं उपस्थित अन्य अधिकारियों से पुंगनूर नस्ल के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पालमनेर भेड़ प्रजनन केन्द्र का निरीक्षण भी किया।



पालमनेर भेड़ प्रजनन एवं संरक्षण केन्द्र में नेल्लोर प्रजाति की नस्ल का संवर्धन एवं संरक्षण किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान उनके साथ पशुपालन एवं म.प्र. कुक्कुट विकास निगम के अधिकारी भी उपस्थित थे। पशुधन अनुसंधान केंद्र, पालमनेर, आंध्र प्रदेश मुख्य रूप से गायों की पुंगनूर नस्ल को सुधारने और पुनर्जीवित करने का कार्य करता है। यह गाय दुनिया की सबसे छोटी नस्लों में से एक है और मूलत॰ चित्तूर जिले की प्रजाति है। इस अनुसंधान केंद्र को वर्ष 1967 में पशुपालन विभाग से आंध्रप्रदेश कृषि विश्वविद्यालय को स्थानांतरित कर दिया गया। इस केंद्र पर मूल रूप से पुंगनूर नस्ल के मवेशी हैं। इस नस्ल को यूनाइटेड किंगडम से आयातित केरी बैलों के साथ क्रॉस किया गया था।

# विरासत, संस्कृति और परंपरा से जुड़ने का अवसर है सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य - मुख्यमंत्री दिल्ली श्रीमती गुप्ता

भोपाल (आरएनएस) दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा है कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का दिल्ली के लाल किले पर किये जाने वाला मंचन भारतवर्ष के महान, यशस्वी और दूरदर्शी शासक सम्राट विक्रमादित्य के प्रेरणादायक जीवन को पुन॰ जीवंत करेगा। यह उनके द्वारा सुशासन के क्षेत्र में स्थापित किये गये मानदण्डों से आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करता रहेगा।

मुख्यमंत्री श्रीमती गुप्ता ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर केन्द्रित महानाट्य का मंचन दिल्ली में किया जा रहा है, जो हर्ष और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि इस महानाट्य के माध्यम से दिल्लीवासियों को अपनी विरासत, संस्कृति और परंपरा से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा पर इतने बड़े आयोजन का उन्हें स्वागत अध्यक्ष बनाया गया है। मुख्यमंत्री श्रीमती गुप्ता ने दिल्ली के नागरिकों को लाल किले के माधव दास पार्क में 12 से 14 अप्रैल तक आयोजित होने वाले सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य को देखने के लिए आमंत्रित किया।



मुख्यमंत्री श्रीमती गुप्ता ने सम्राट विक्रमादित्य का पात्र निभाने वाले कलाकार श्री विक्रम सिंह चौहान की आरती उतारी, तिलक लगाया और पुष्पाहार पहना कर दिल्ली में स्वागत किया।

मुख्यमंत्री श्रीमती गुप्ता ने सम्राट विक्रमादित्य को रथ पर बैठा कर फतेहपुरी, चांदनी चौक से लाल किले तक भव्य शोभा यात्रा को रवाना किया।

शोभायात्रा में घोड़ों और ऊंट पर सवार सम्राट विक्रमादित्य के नवरत्न, सैनिक और नृत्य दल शामिल हुआ। शोभा यात्रा में सांस्कृतिक सलाहकार, मुख्यमंत्री कार्यालय, मध्यप्रदेश श्रीराम तिवारी, दीनदयाल शोध संस्थान दिल्ली के महासचिव श्री अतुल जैन, वरिष्ठ समाज सेवक सर्वश्री राहुल कोठारी, विष्णु मित्तल, नरेश शर्मा, राजेश कुशवाह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। चांदनी चौक के विभिन्न व्यापारी संगठनों, किराना कमेटी दिल्ली, टेक्सटाइल मार्केट एसोसिएशन, बुलियन मर्चेंट एसोसिएशन, दिल्ली हिंदुस्तान मर्केंटाइल एसोसिएशन और दिल्ली इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन ने जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया और रथ पर सवार सम्राट विक्रमादित्य पर पुष्प वर्षा की।

# सम्पादकीय
अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




भगवान शंकर के दिव्य श्रृंगार में, अब वाले श्रृंगार ने तो मानों दाँतों तले अँगुलि दबाने को विवश कर दिया था। कारण कि भगवान शंकर ने अपनी छाती पर एक माला पहन रखी है। वह माला न तो कोई स्वर्ण धातु से बनी है, और न ही पुष्प इत्यादि की। जी हाँ! वह माला बनी है 'नरमुण्डों' की। खोपड़ियों को एक सूत्र में बाँध कर गले में लटका दिया है। जिसे शिवगण बड़े रौब से माला की संज्ञा दे रहे हैं। भला ऐसी भी माला की कल्पना किसी ने की होगी? यह तो बुद्धि की सीमा से परे सकी बात हो गई।



## हर मस्जिद के नीचे मंदिर तलाशना उचित नहीं

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता भैया जी जोशी का औरंगजेब की कब्र से संबंधित बयान महत्त्वपूर्ण है और इसके विशिष्ट मायने भी हैं। उन्होंने कहा है कि इस विषय को अनावश्यक रूप से उठाया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी विवाद को उठाने की जबरिया कोशिश को निर्थक बताते हुए कहा है कि औरंगजेब की कब्र एक संरक्षित स्मारक है इसलिए इसे तोड़ने या हटाने का कोई अचित नहीं है, लेकिन औरंगजेब जैसे संप्रदायवादी कट्टर शासक का महिमामंडन सहन नहीं किया जाएगा। इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी कह चुके हैं कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर तलाशना उचित नहीं है।

अगर संघ प्रमुख और संघ के वरिष्ठ नेता की ओर से इस तरह के बयान आते हैं तो वे अकारण नहीं है। संघ एक संजीदा, लक्ष्य बद्ध और दूरगामी संकल्पों वाला हिन्दू संगठन है जिसकी कार्यप्रणाली और वैचारिक अभिव्यक्ति में उच्छृंखलता, अभद्रता या मर्यादाविहीनता लक्षित नहीं होते। उसकी निष्ठा हिन्दुओं को विशेष लक्ष्य के प्रति सचेत बनाकर संगठनबद्ध करके भारतीय राष्ट्र के उस सांस्कृतिक ढांचे में डालना है जिसे वह राजनीतिक तौर पर भारतीय संस्कृति के नाम से अभिहित करता है।

उसका एक बड़ा लक्ष्य भारतीय हिन्दुओं को क्षुद्र मतभेद भुलाकर विराट हिन्दू जाति के रूप में संगठित करना है जिससे उसे वांछित राजनीतिक शक्ति प्राप्त हो, लेकिन जब हिन्दुओं को संघ से इतर संगठन जिन्हें प्रायः संघ का अनुषांगिक संगठन कहा जाता है, अप्रत्याशित घटनाओं को अंजाम देते हैं, अनावश्यक विभाग खड़ा करते हैं।

# भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने में सांस्कृतिक संगठनों को भी निभानी होगी विशेष भूमिका

प्राचीनकाल में भारत विश्व गुरु रहा है इस विषय पर अब कोई शक की गुंजाईश नहीं रही है क्योंकि अब तो पश्चिमी देशों द्वारा पूरे विश्व के प्राचीन काल के संदर्भ में की गई रिसर्च में भी यह तथ्य उभरकर सामने आ रहे हैं। भारत क्यों और कैसे विश्व गुरु के पद पर आसीन रहा है, इस संदर्भ में कहा जा रहा है कि भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के नियमों के आधार पर भारतीय नागरिक समाज में अपने दैनंदिनी कार्य कलाप करते रहे हैं। साथ ही, भारतीयों के डीएनए में आध्यतम पाया जाता रहा है जिसके चलते वे विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले अपने कार्यों को धर्म से जोड़कर करते रहे हैं। लगभग समस्त भारतीय, काम, अर्थ एवं कर्म को भी धर्म से जोड़कर करते रहे हैं। काम, अर्थ एवं कर्म में चूंकि तामसी प्रवृत्ति का आधिक्य बहुत आसानी से आ जाता है अत: इन कार्यों को तासमी प्रवृत्ति से बचाने के उद्देश्य से धर्म से जोड़कर इन कार्यों को सम्पन्न करने की प्रेरणा प्राप्त की जाती है। जैसे, भारतीय शास्त्रों में काम में संयम रखने की सलाह दी जाती है तथा अर्थ के अर्जन को बुरा नहीं माना गया है परंतु अर्थ का अर्जन केवल अपने स्वयं के हित के लिए करना एवं इसे समाज के हित में उपयोग नहीं करने को बुरा माना गया है। इसी प्रकार, दैनिक जीवन में किए जाने वाले कर्म भी यदि धर्म आधारित नहीं होंगे तो जिस उद्देश्य से यह मानव जीवन हमें प्राप्त हुए है, उस उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो सकेगी।

प्राचीनकाल में भारत में राजा का यह कर्तव्य होता था कि उसके राज्य में निवास कर रही प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट नहीं हो और यदि किसी राज्य की प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट होता था तो वह नागरिक अपने कष्ट निवारण के लिए राजा के पास पहुंच सकता था। परंतु, जैसे जैसे राज्यों का विस्तार होने लगा और राज्यों की जनसंख्या में वृद्धि होती गई तो उस राज्य में निवास कर रहे नागरिकों के कष्टों को दूर करने के लिए धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन भी आगे आने लगे एवं नागरिकों के कष्टों को दूर करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करने लगे। समय के साथ साथ धनाडय वर्ग भी इस पावन कार्य में अपनी भूमिका निभाने लगा। फिर, और आगे के समय में एक नागरिक दूसरे नागरिक की परेशानी में एक दूसरे का साथ देने लगे। परिवार के सदस्यों के साथ पड़ौसी, मित्र एवं सह्रदयी नागरिक भी इस प्रक्रिया में अपना हाथ बंटाने लगे। इस प्रकार प्राचीन भारत में ही व्यक्ति, परिवार, पड़ौस, ग्राम, नगर, प्रांत, देश एवं पूरी धरा को ही एक दूसरे के सहयोगी के रूप में देखा जाने लगा। वसुधैव कुटुंबकम, सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय, सर्वे भवंतु सुखिनः का भाव भी प्राचीन भारत में इसी प्रकार जागृत हुआ है। व्यक्ति से समष्टि की ओर, की भावना केवल और केवल भारत में ही पाई जाती है।

वर्तमान काल में लगभग समस्त देशों में चूंकि समस्त व्यवस्थाएं साम्यवाद एवं पूंजीवाद के नियमों पर आधारित हैं, जिनके अनुसार, व्यक्तिवाद पर विशेष ध्यान दिया जाता है और परिवार तथा समाज कहीं पीछे छूट जाता है। केवल मुझे कष्ट है तो दुनिया में कष्ट है अन्यथा किसी और नागरिक के कष्ट पर मेरा कोई ध्यान नहीं है। जैसे यूरोपीयन देश उनके ऊपर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर पूरे विश्व का आह्वान करते हुए पाए जाते हैं कि जैसे उनकी समस्या पूरे विश्व की समस्या है परंतु जब इसी प्रकार की समस्या किसी अन्य देश पर आती है तो यूरोपीयन देश उसे अपनी समस्या नहीं मानते हैं। यूरोपीयन देशों में पनप रही आतंकवाद की समस्या पूरे विश्व में आतंकवाद की समस्या मान ली जाती है। परंतु, भारत द्वारा झेली जा रही आतंकवाद की समस्या यूरोप के लिए आतंकवाद नहीं है। यह पश्चिमी देशों के डीएनए में है कि विकास की राह पर केवल मैं ही आगे बढ़ूँ, जबकि भारतीयों के डीएनए में है कि सबको साथ लेकर ही विकास की राह पर आगे बढ़ा जाय। यह भावना भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठनों में भी कूट कूट कर भरी है। इसी तर्ज पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। संघ के लिए राष्ट्र प्रथम है, और भारत में निवास करने वाले हम समस्त नागरिक हिंदू हैं, क्योंकि भारत में निवासरत प्रत्येक नागरिक से सनातन संस्कृति के संस्कारों के अनुपालन की अपेक्षा की जाती है। भले ही, हमारी पूजा पद्धति भिन्न भिन्न हो सकती है, परंतु संस्कार तो समान ही रहने चाहिए। इसी विचारधारा के चलते आज संघ देश के कोने कोने में पहुंचने में सफल रहा है।

## यूपी बनेगा देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंज

उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति देश भर में चर्चा का विषय है। प्रकृति एवं परमात्मा की असीम अनुकंपा के बावजूद उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था सातवें या आठवें स्थान पर झूलती रही। इस दौरान इसका कुल आकार भी 12 हजार करोड़ रुपये से लेकर 12.5 हजार करोड़ रुपये के बीच ही रहा। पर, मार्च 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद इसमें अभूतपूर्व बदलाव आया। आज 27.5 हजार करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था के साथ यूपी देश की देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य है। देश की जीडीपी में उत्तर प्रदेश का योगदान 9.2 फीसद है। जीडीपी की ग्रोथ राष्ट्रीय औसत 9.6 फीसद की तुलना में 11.6 फीसद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसे 2030 तक देश की नंबर वन अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने को कृत संकल्पित हैं। अभी एक अप्रैल को भी बरेली में एक कार्यक्रम के दौरान इस बात को दोहराया था। अब तो निजी तौर पर आर्थिक विशेषज्ञ और संस्थाएं भी यह मानने लगी हैं कि उत्तर प्रदेश में विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बन सकता है। हाल ही में लखनऊ में योजना विभाग की ओर से आयोजित कार्यशाला में नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने भी यह बात कही थी। उन्होंने कहा था कि करीब 56 फीसद युवा आबादी, नौ तरह के अलग कृषि जलवायु क्षेत्र, पानी की भरपूर उपलब्धता आदि के जरिये यह संभव है। उन्होंने अलग-अलग जिलों को आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाने के लिए जिस एक्शन प्लान का जिक्र किया था, उस पर योगी सरकार पहले से काम कर रही है। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना और एक जिला-एक जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) इसकी कड़ी है। अब तो सरकार इससे भी आगे एक जिला एक पकवान के बाबत सोच रही है। ओडीओपी योजना प्रदेश की सफलतम योजना है। इसकी तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भर कर चुके हैं।

## सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस नीति ने प्रदेश में अपराधों में आई भारी कमी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति ने पिछले आठ वर्षों में अपराधियों की कमर तोड़ कर रख दी है। इस दौरान एक लाख से अधिक अपराधियों को जेल और मुठभेड़ में 227 को यमलोक भेजा गया। इतना ही नहीं योगी सरकार के निर्देश पर मिशन शक्ति फेज-5 के तहत प्रदेशभर में 'दस का दम' नामक विशेष ऑपरेशन चलाए गए। इसमें ऑपरेशन गरुड़, ईगल, मजनू, रक्षा, बचपन, खोज, शील्ड, डेस्ट्राय, नशा मुक्ति और त्रिनेत्र आदि शामिल हैं। इन ऑपरेशन के जरिये यूपी पुलिस ने महिलाओं, बेटियों, बच्चों, युवाओं और समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। वहीं ऑपरेशन त्रिनेत्र ने जघन्य अपराधों का खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेला है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि सीएम योगी की मंशानुसार मिशन शक्ति फेज-5 के तहत यूपी पुलिस ने प्रदेश भर में दस ऑपरेशन चलाए। यूपी पुलिस का यह अभियान अपराधियों के लिए काल बन गया है। योगी सरकार का 'दस का दम' ऑपरेशन ने प्रदेश को अपराध से मुक्त करने की संकल्पना है, जिसे ज़मीन पर सफलतापूर्वक उतारा गया है। इन ऑपरेशन के जरिए 1 लाख से अधिक लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रदेश भर में संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया। इसके बाद प्रदेशभर में 11,07,782 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। ये सीसीटीवी थानों से जोड़े गए ताकि कैमरा कंट्रोल रूम्स से घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी का नतीजा है कि डकैती, लूट समेत कुल 5,718 जघन्य अपराधों का सफल खुलासा किया गया। महिलाओं और बच्चियों से जुड़े साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए ऑपरेशन गरुड़ चलाया गया। अभियान के तहत 2,597 प्राथमिकी पत्रों की जांच की गई, जिनमें से 2,407 का निस्तारण किया गया। वहीं पूर्व में पंजीकृत 1,179 अभियोग में से 449 का निस्तारण किया गया और 498 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 405 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए गए। इसी तरह स्कूल-कॉलेजों के आसपास बच्चों और महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों सौहदों के खिलाफ ऑपरेशन मजनू चलाया गया। इस अभियान में 7,554 स्थानों को चिह्नित किया गया और 58,624 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं ऑपरेशन ईगल के तहत महिलाओं से संबंधित अपराधों में जेल से बाहर आए 7,963 अपराधियों में से गिरफ्तार-हाजिर अदालत 5,166 को चिन्हित किया गया। इसके दौरान 2,683 अभियुक्त गिरफ्तार-हाजिर अदालत हुए। वहीं 4,294 के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई। ऑपरेशन रक्षा के तहत स्पा सेंटर, मसाज पार्लर में छिपे मानव तस्करी के मामलों में 56 महिलाओं/बालिकाओं को रेस्क्यू कर 49 का पुनर्वास कराया गया। प्रदेश में बल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति समेत बच्चे के अधिकारों के लिए ऑपरेशन बचपन और खोज चलाया गया। इसमें ऑपरेशन बचपन के तहत बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति के मामलों में 2,860 बच्चों को बचाया गया।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में रोजाना की जाती है भोग आरती, जानिए इसका धार्मिक महत्व

हिंदू धर्म में सोमवार का दिन देवों के देव महादेव की पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही महादेव की कृपा पाने के लिए सोमवार का व्रत रखा जाता है। सोमवार के व्रत की महिमा शिव पुराण में वर्णित है। सोमवार व्रत के पुण्य प्रभाव से व्यक्ति की हर मनोकामना पूरी होती है और जातक के सुख-सौभाग्य में भी वृद्धि होती है। सोमवार व्रत से मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। वहीं कुंडली में चंद्रमा मजबूत करने के लिए भी जातक को महादेव की पूजा करने की सलाह दी जाती है। भगवान शिव की शरण में रहने से व्यक्ति को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। वहीं जो भी जातक सच्चे मन और श्रद्धा भाव से भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं, उनको हर कार्य में सफलता प्राप्त होती है।

वैसे तो हमारे देश में भगवान शिव के तमाम मंदिर हैं। जिनकी अपनी विशेषता है। लेकिन क्या आपको पता है कि काशी विश्वनाथ मंदिर में भोग आरती का बड़ा महत्व होता है। काशी विश्वनाथ मंदिर में की जाने वाली भोग आरती में तमाम श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि काशी विश्वनाथ मंदिर में भोग आरती कब की जाती है।

## प्राकृतिक आपदाओं के समक्ष मनुष्य बेबस

योगेश कुमार गोयल

म्यांमार में 28 मार्च को रिक्टर स्केल पर आए 7.7 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे भीषण भूकंप बताया गया। यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे द्वारा मौतों का आंकड़ा 10 हजार से भी ज्यादा होने की आशंका जताई गई है। भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए। भूकंप के कारण म्यांमार की दुर्दशा को देखते हुए भारत में भी लोगों के मन में सवाल उमड़ रहे हैं कि कहीं देश के विभिन्न हिस्सों में बार-बार कांपती धरती किसी बड़ी तबाही का सिग्नल तो नहीं है। नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के एक अध्ययन में बताया जा चुका है कि 20 भारतीय शहरों तथा कस्बों में भूकंप का खतरा सर्वाधिक है, जिनमें दिल्ली सहित नौ राज्यों की राजधानियां भी शामिल हैं। हिमालयी पर्वत श्रृंखला क्षेत्र को दुनिया में भूकंप के मामले में सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में जमीन के नीचे दिल्ली-मुरादाबाद फॉल्ट लाइन, मथुरा फॉल्ट लाइन तथा सोहना फॉल्ट लाइन मौजूद है। जहां फॉल्ट लाइन होती है, भूकंप का अधिकेंद्र वहीं बनता है। बड़े भूकंप फॉल्ट लाइन के किनारे ही आते हैं, और दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरी हिमालयन बेल्ट को भूकंप से ज्यादा खतरा है। एनसीएस के पूर्व प्रमुख डॉ. एके शुक्ला के मुताबिक, उत्तर भारत में हिमालयन बेल्ट से ज्यादा खतरा है, जहां 8 की तीव्रता वाले भूकंप आने की शंका है। हालांकि ज्यादा तीव्रता का बड़ा भूकंप आने की आशंकाओं के बारे में वैज्ञानिकों का कहना है कि सटीक अनुमान लगाना संभव नहीं है कि यह कब आ सकता है। दरअसल, भूकंप के सटीक पूर्वानुमान का अब तक न कोई उपकरण है, और न ही कोई मैकेनिज्म। राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) के वैज्ञानिक हालांकि बार-बार धरती के कांपने को लेकर अध्ययन कर रहे हैं, लेकिन उनका कहना है कि भू-जल का गिरता स्तर भी प्रमुख वजह के रूप में सामने आ रहा है जबकि अन्य कारण भी तलाशे जा रहे हैं। वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी, देहरादून तथा आईआईटी, कानपुर भी दिल्ली तथा आसपास के इलाकों का अध्यनन करते हुए एनसीएस की मदद कर रहे हैं। दिल्ली एनसीआर को तो भूकंप के लिहाज से काफी संवेदनशील इलाका माना जाता है, जो दूसरे नंबर के सबसे खतरनाक सिस्मिक जोन-4 में आता है। एक अध्ययन के मुताबिक, दिल्ली में करीब 90 फीसद मकान कंक्रीट और सरिये से बने हैं,

## सभी प्रकार के ऋणों से मुक्ति के लिए करें

जो व्यक्ति सकाम पुण्य परमार्थ करते है वो बदले में धन संपदा प्राप्त करते है वहीं निष्काम करने वाले को मुक्ति मिल जाती है वही दुसरे ओर आप पाप, चोरी, डकैती लूट कर रहे है तो इस ऋण का भुगतान आपको करना ही पड़ेगा, ये आपके ऋण के रूप में आपके साथ ही आता है और वो आपको चुकाना पड़ता है, इसकी निवृति के लिए उज्जैन में ऋण मुक्तेश्वर महादेव के मंदिर है यहां विधि विधान से संकल्प पूर्वक लगातार आप ऋण मुक्तेश्वर महादेव का पूजन करते है तो आप अपने पापों से ऋण मुक्त हो जाते है, यह कार्य आपको श्रद्धा विश्वास पूर्वक लगातार करना पड़ेगा.

उज्जैन में ही अंगारेश्वर महादेव का मंदिर यहां मंगल ग्रह का जन्म हुआ था यह लिंग उज्जैन के 84 महादेव में 43 वा है, यहां मंगलवार को श्रद्धा पूर्वक कुल देवी देवता नवग्रह षोडश मातृका के पूजन के साथ अंगारेश्वर महादेव का भात पूजन किया जाता है इससे आपको अपने पैतृक ऋण से मुक्ति प्राप्त होती है , आर्थिक पारिवारिक उन्नति का योग बनता है. जो व्यक्ति किसी भी प्रकार से आर्थिक रूप से दुखी है उसे यह पूजन अवश्य करवाना चाहिए.

## देश में हिंसा के एक ही पैटर्न

अवधेश कुमार

नागपुर की हिंसा ने फिर पूरे देश को भयभीत किया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का वक्तव्य था कि सीसीटीवी फुटेज से 104 दंगाइयों की पहचान हो गई है, नष्ट की गई संपत्तियों की भरपाई दंगाइयों से की जाएगी और वे जुर्माना नहीं देते तो उनकी संपत्ति जब्त कर उससे क्षतिपूर्ति होगी। वास्तव में 33 से ज्यादा पुलिसकर्मियों का घायल होना, भारी संख्या में वाहनों की तोड़फोड़ या जलाना, जगह-जगह घरों और दुकानों का क्षतिग्रस्त होना पहले से ही संकेत दे रहे थे कि हमले सुनियोजित थे।


विधानसभा में मुख्यमंत्री फडणवीस ने बयान भी दिया था कि यह सुनियोजित हमला लगता है। नागपुर पुलिस की प्राथमिकी, अभी तक की छानबीन, सीसीटीवी फुटेज और हिंसा के पैटर्न बताते हैं कि हिंसा तात्कालिक गुस्से की परिणति नहीं, शत-प्रतिशत सुनियोजित थी। तत्कालिक गुस्से में छिटपुट हल्की-फुल्की हिंसा हो सकती है। चेहरे ढंके नकाबपोश हमला करने किसी घटना से त्वरित गुस्से में नहीं दिख सकते। उतनी संख्या में पत्थर कहां से आएंगे? पेट्रोल बम अचानक कैसे तैयार हो गया? विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) और बजरंग दल द्वारा 17 मार्च को औरंगजेब की कब्र हटाने के लिए विरोध प्रदर्शन का आह्वान पहले से था। इनने छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर प्रतीकात्मक कब्र और पुतला जलाया। इसके समानांतर क्या हो रहा था? माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी का शहर अध्यक्ष फहीम अहमद 50-60 लोगों को लेकर गणोशपेठ पुलिस थाना पहुंचा और लिखित शिकायत दर्ज कराई कि हरे कपड़े पर कलमा लिख कर जलाया जा रहा है।

पुलिस ने उसकी शिकायत पर विहिप और बजरंग दल के आठ लोगों पर मामला भी दर्ज किया। बावजूद सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई गई कि पवित्र कुरान की आयतें जलाई गई हैं, लोगों के घर से निकलने की अपील की गई। सोशल मीडिया पर झूठ फैलाया गया कि हिंसा में दो लोगों की मृत्यु हो गई है। एक सोशल मीडिया अकाउंट बांग्लादेश से मिला है, जिसमें लिखा गया कि यह छोटा दंगा था, इससे बड़ा दंगा आगे होगा। उसके बाद फहीम खान थाने से आकर 400-500 लोगों, जिनके हाथों में हथियार थे, को लेकर छत्रपति शिवाजी महाराज चौक यानी धरना स्थल पर पहुंच गया। पुलिस द्वारा भीड़ से वापस जाने के आग्रह को अनसुना करते हुए भीड़ भड़काऊ और उकसाऊ नारे लगाने लगी। प्रदर्शनकारियों में शामिल 400-500 लोग कुल्हाड़ियों, पत्थरों, लाठी, रॉड और अन्य ऐसी सामग्रियों को लहरा रहे थे। इसी दौरान भालदारपुरा में पुलिस पर पत्थरों से हमले की भी घटना हुई। सबसे शर्मनाक अंधेरे का लाभ उठा कर महिला पुलिस के साथ छेड़खानी और दुर्व्यवहार था। महिला पुलिस के कपड़े उतारने की कोशिश की गई। गीतांजलि चौक पर भीड़ ने पुलिस वाहनों पर पेट्रोल बम से हमला किया और पुलिस के दो वाहनों में आग लगा दी। गंजीपुरा में फ्लाईओवर निर्माण के लिए खड़ी दो क्रेन को पेट्रोल बम से आग लगा दी गई। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारियों पर पत्थरों और घातक हथियारों से हमलाकर घायल कर दिया गया। देखते-देखते महल, कोतवाली, गणोशपेठ और चिटिनस पार्क समेत शहर के विभिन्न इलाकों से हिंसा की सूचना आने लगी।

यहां कुछ और सच्चाई को सामने लाना आवश्यक है। नागपुर के सीए रोड, भालदारपुरा, गंजी पेठ, हंसापुरी, गांधी बाग, चिटनवीस पार्क, आदि क्षेत्र में ज्यादातर दुकानें पुरानी बाइक एवं ऑटो स्पेयरपार्ट्स की हैं। सभी दुकानें एक समुदाय की हैं। आश्चर्यजनक रूप से सोमवार को दुकानें सुबह से ही बंद थीं। मोबिनपुरा में सामान्यतया 150 गाड़ियां खड़ी रहती थीं। एक गाड़ी नहीं थी वहां। क्या यह बिना योजना के संभव है? फिर केवल हिन्दू घर एवं दुकान ही हिंसा के शिकार थे। पत्थरबाजी में घायल नागपुर के डीसीपी निकेतन कदम ने कहा कि एक घर में कुछ लोग छिप कर पत्थरबाजी कर रहे थे। टीम वहां गई तो दूसरी ओर से 100 से ज्यादा लोगों की भीड़ आई। मैंने उन्हें रोकने की कोशिश की तो एक ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कई छतों से पत्थर फेंके जा रहे थे। पत्थर छत पर कैसे पहुंचे, कुछ तो प्लानिंग थी। वाकई इतने घरों में पत्थर पैदा नहीं हो गए। साफ है कि पत्थर पहले से तैयार करके रखे गए थे।

साफ दिखती सुनियोजित हिंसा पर हो रही राजनीति भी डराने वाली है। सच को सच के रूप में समझ कर स्पष्ट न बोला जाए तो परिणाम विनाशकारी होंगे। कोई किसी विषय पर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहा है तो उसे मजहब के विरु द्ध प्रचारित करने का अर्थ क्या है? कलमा लिखे हरे चादर जलाए ही नहीं गए। इस तरह के झूठ फैलाने वाले लोगों को इस्लाम के नाम पर भड़का रहे थे। 60 से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट बंद किए गए हैं। मुख्यमंत्री फडणवीस दोषियों को सजा दिलाने का जैसा संकल्प दिखा रहे हैं, उस पर संदेह करने का कोई कारण नहीं है। लेकिन क्या इस मामले में दंड दिलाना ही पर्याप्त है? वैसे इस मामले में भी न्यायालय में बड़े-बड़े वकील संगठित होकर कितनी बाधाएं खड़ी करेंगे इसका अंदाजा हम सबको है। विचार करने वाली बात है कि पूरे देश में जगह-जगह इस तरह की हिंसा का एक ही पैटर्न देखा जा रहा है। इतने ईट-पत्थर, पेट्रोल बम आदि तत्काल पैदा नहीं हो सकते। पूरी तैयारी करनी होती है। हाल में महू, संभल से लेकर नागपुर तक देखिए, आपको मोटा-मोटी एक ही तरह का पैटर्न दिखेगा। औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग से इतनी संख्या में किसी समुदाय के लोगों के अंदर गुस्सा पैदा होने का कारण क्या हो सकता है? औरंगजेब जैसे आततायी, धर्मांध, बुरे शासक के लिए उसकी मृत्यु के 300 से ज्यादा वर्षो बाद अगर लोग उसे इस्लाम का अच्छा सेवक या मजहब के रूप में अपनी प्रेरणा मानते हुए जान देने और लेने तक पर उतारू हैं तो यह भारत की दृष्टि से सामान्य खतरे का संकेत नहीं है। देख लीजिए, केवल औरंगजेब नहीं, महमूद गजनवी और उसके भांजे सालार मसूद तक के प्रति इतना समर्थन कैसे कि उन पर प्रश्न उठाने के विरु द्ध खुलेआम बयानबाजी और हिंसा हो रही है। इसका मतलब तो यह हुआ कि कल कोई नादिर शाह और अहमदशाह अब्दाली को भी इस्लाम का ध्वजवाहक मान कर उनका महिमा मंडन करेगा और विरोध करने वालों के विरु द्ध हिंसा करेगा।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशिः आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आपके सारे बिगड़े हुए काम आज पूरे हो सकते हैं। आज आपके लिए विवाह का प्रपोजल भी आ सकता है, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

वृष राशिः आज आपका मन उत्साहित रहेगा। जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे है, उनकी सैलरी में इजाफा होगा। मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों को आज अच्छे ऑफर्स मिलेंगे और अधिक से अधिक लाभ होगा।

मिथुन राशिः आज आपका दिन काफी बेहतरीन रहने वाला है। बुक सेलर्स के लिए आज का दिन बेहद ही लाभकारी रहेगा, बुक्स की सेल ज्यादा ही बढ़ेगी। बिजनेस साझेदार के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। सेहत के हिसाब से आज आप खुद को फ्रेश फील करेंगे।

कर्क राशिः आज का दिन आपके अच्छा रहने वाला है। आज का दिन माता-पिता की सेवा में व्यतीत होगा। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है।

सिंह राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम के प्रति डेडिकेशन होने से आप जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। अपना टाइम आज बच्चों को पढ़ाने में स्पेंड करेंगे,

कन्या राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। फुटबॉल खेल रही महिलाओं को आज शानदार जीत मिलेगी, जिससे उनको अवार्ड दिया जायेगा। आमदनी में आज इजाफा होने से अपने आपको कुछ बेहतर महसूस करेंगे,

तुला राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा जिससे आप काफी खुश रहेंगे। आप नए काम पर सोच विचार कर सकते है जिससे आपको खूब तरक्की मिलेगी।

वृश्चिक राशिः आज आपको नया अनुभव मिलने वाला है। आज थोड़ी-सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा होगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान कुछ दिन के लिए कैंसिल करना पड़ सकता है।

धनु राशिः आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। समाज सेवा कर रहे लोगों को आज स्थानीय लोगों के द्वारा सम्मानित लिया जायेगा, जिससे उनका हौसला बढ़ेगा।

मकर राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। कामकाज से जुड़ी चुनौती आज आपके सामने आएगी, लेकिन आप इनसे निपटने में सफल होंगे।

कुंभ राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकता है। व्यायाम और खान-पान पर ध्यान दें। आज आप नया वाहन लेने का विचार करेंगे। ज्वेलरी शॉप वालो की आज अधिक सेल होगी

मीन राशिः आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। ऑफिस के काम में आज आप बिजी रहेंगे, जिससे घर देर से पहुंचेंगे।



वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर राज्य भर में व्यापक हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को लोगों से शांति बनाए रखने और धर्म के नाम पर किसी भी तरह के अधर्मी व्यवहार से दूर रहने का आग्रह किया। यह शुक्रवार को बंगाल के कई हिस्सों में वक्फ अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के हिंसक हो जाने के बाद आया है, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने वाहनों को आग लगा दी, सुरक्षा बलों के साथ झड़प की, सड़क और रेल यातायात को बाधित किया

# आतंकी तहव्वुर राणा को कसाब की तरह बिरयानी देने की जरूरत नहीं', 26/11 अटैक के हीरो बोले- तुरंत फांसी दो

नई दिल्ली (आरएनएस)। मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया जा रहा है। उसके भारत में कदम रखने से पहले लोगों की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है। 26/11 अटैक के एक हीरो ने कहा, 'भारत को उसे आतंकी कसाब की तरह खास जेल, बिरयानी या और सुविधाएं देने की कोई जरूरत नहीं है। ये बात मोहम्मद तौफीक ने बोली है।

मुंबई में एक 'चाय वाले' हैं, जिन्हें 'छोटू' उर्फ मोहम्मद तौफीक के नाम से जाना जाता है। उन्हें मुंबई आतंकी हमले 26/11 के हीरो के तौर पर पहचान मिली है। मोहम्मद तौफीक ने हमलों में कई लोगों की जान बचाई थी।

मोहम्मद तौफीक ने कहा कि भारत को तहव्वुर राणा को जेल में खास सेल, बिरयानी और वैसी सुविधाएं देने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने मांग की कि आतंकवादियों से निपटने के लिए अलग कानून होने चाहिए। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि उन्हें 2-3 महीने में फांसी हो जाए। बता दें राणा पर 2008 के मुंबई आतंकी हमलों में शामिल होने का आरोप है। हमले में सैकड़ों निर्दोष लोग मारे गए थे। अब भारत में तहव्वुर पर मुकदमा चलाया जाएगा।

सात अप्रैल को संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय ने तहव्वुर राणा की भारत में उसके प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की याचिका को खारिज कर दिया। राणा ने 20 मार्च, 2025 को मुख्य न्यायाधीश रॉबर्ट्स के समक्ष एक आपातकालीन आवेदन दायर किया, जिसमें उसके प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की गई। सात अप्रैल को जारी सुप्रीम कोर्ट के आदेश में कहा गया, 'मुख्य न्यायाधीश को संबोधित और न्यायालय को संदर्भित स्थगन के लिए आवेदन अस्वीकार किया जाता है। 26 नवंबर 2008 को हुआ था आतंकी हमला मुंबई अपराध शाखा के अनुसार, राणा के खिलाफ आपराधिक साजिश का मामला नवंबर 2008 के घातक हमलों के बाद दिल्ली में एनआईए द्वारा दर्ज किया गया था, जिसमें 160 से अधिक लोग मारे गए थे।

**तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण पीएम मोदी के कारण हुआ संभव : पीयूष गोयल**

मुंबई (आरएनएस)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया है। पीयूष गोयल ने कहा कि राणा को भारत लाकर देश के कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। अहिंसा का संदेश देने के साथ-साथ हिंसा करने वालों को दंडित करना भी उतना ही आवश्यक है। आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। साल 2008 में मुंबई में आतंकवादी हमला हुआ। उस हमले के आरोपी तहवूर राणा को हम भारत वापस ला रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लगातार प्रयास के कारण यह सफल हो पाया है। राणा पर देश के कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। अहिंसा के साथ-साथ जो हिंसा करते हैं, उनको दंड देना भी उतना ही आवश्यक है। केंद्रीय मंत्री ने मुंबई हमले की याद दिलाते हुए कहा कि 26/11 का वह काला दिन देश कभी नहीं भूल सकता। तहव्वुर राणा जैसे आतंकवादियों को न्याय के कठघरे में लाना और पीड़ित परिवार को न्याय देना हमारी जिम्मेदारी है। देश अब आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है।

पीयूष गोयल ने इस मौके पर देश में नक्सलवाद के खिलाफ चल रही मुहिम की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है और इसके परिणाम अब साफ दिखाई दे रहे हैं। जहां पहले देश के 160 जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे, वहीं अब यह संख्या घटकर मात्र 12 जिलों तक सीमित हो गई है। उन्होंने दावा किया कि 31 मार्च 2026 तक देश को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने चेतावनी दी कि नक्सली गतिविधियों में शामिल लोग या तो आत्मसमर्पण करेंगे या फिर उनका सफाया कर दिया जाएगा।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्लोवाकिया की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान ऐतिहासिक ब्रातिस्लावा कैसल में स्लोवाक राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी द्वारा उनके सम्मान में आयोजित भोज को संबोधित करती हुई.



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लखनऊ जिले में खाद्य रसद एवं ऊर्जा विभाग से संबंधित मामलों पर बैठक की.

# राहुल गांधी ही कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी समस्या हैं : मुख्तार अब्बास नकवी

नई दिल्ली (आरएनएस)। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने गुरुवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी पार्टी के लिए सबसे बड़ी समस्या राहुल गांधी हैं। गुजरात में कांग्रेस के अधिवेशन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि कांग्रेस से उन नेताओं को रिटायर हो जाना चाहिए जो अब प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। भाजपा ने खड़गे के इस बयान को राहुल गांधी के साथ जोड़ा है। भाजपा का मानना है कि खड़गे ने यह बयान राहुल गांधी के संदर्भ में दिया है।

मुख्तार अब्बास नकवी ने गुरुवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सबसे पहले पार्टी से राहुल गांधी को रिटायर करना होगा क्योंकि उनकी पार्टी के लिए राहुल गांधी ही सबसे बड़ी समस्या हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे जब इसका अध्ययन करेंगे तो उन्हें पता चल जाएगा।

तहव्वुर राणा को भारत लाने पर भाजपा नेता ने कहा कि जो कोई भी देश का दुश्मन है या जिसने देश के खिलाफ अपराध किया है, उसे देश के कानून के तहत सजा होगी। यह कांग्रेस के नेतृत्व वाले तुष्टिकरण का युग नहीं है, जहां देश की सार्वजनिक संपत्ति लूटने वालों को सुरक्षित मार्ग दिया जाता था। वास्तव में, उन्हें क्लीन चिट भी दी जाती थी। भोपाल गैस कांड के गुनहगार को भगाया गया था। आज, जो कोई भी देश के खिलाफ अपराध करता है, उसके साथ सख्त कानूनी प्रावधानों के तहत निपटा जा रहा है।

पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर मचे घमासान पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि अभी जो हो रहा है, वह असल में %शाहीन बाग 2% है, जिसे आपराधिक साजिश में शामिल कुछ सांप्रदायिक तत्वों द्वारा चलाया जा रहा है। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि यह वैसा ही है जैसा सीएए के विरोध के दौरान हुआ था, जानबूझकर डर और गलत सूचना का माहौल बनाया गया था। उस समय, सीधे-सादे और मासूम लोगों को यह विश्वास दिलाकर गुमराह किया गया था कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) उनकी नागरिकता छीन लेगा। लेकिन अब सीएए लागू हो गया है, और सभी की नागरिकता बरकरार है। आज भी वही पैटर्न दोहराया जा रहा है।

भाजपा नेता ने कहा कि वक्फ संशोधन किसी की आस्था पर प्रहार नहीं कर रहा है। यह विधेयक आस्था के संरक्षण और व्यवस्था के सुधार के लिए है। जो लोग इस विधेयक को लेकर मुसलमानों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, उनकी एक साजिश है जिसके तहत वे उनके वोटों को ब्लैक करना चाहते हैं।

## भारत-अमेरिका ट्रेड में लंबी अवधि का नजरिया रखें निर्यातक : पीयूष गोयल

नई दिल्ली (आरएनएस)। नए उभरते हुए व्यापार चुनौतियों के बीच, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, पीयूष गोयल ने निर्यातकों से कहा कि वे भारत-अमेरिका ट्रेड में लंबी अवधि का नजरिया रखें। केंद्रीय मंत्री की ओर से बदलते वैश्विक व्यापार पारिदृश्य के बीच एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल और इंडस्ट्री बॉडीज के साथ चर्चा की गई। यह बैठक उभरते और अत्यंत गतिशील परिदृश्यों से उत्पन्न होने वाले प्रभावों और अवसरों पर विचार-विमर्श करने और उद्योग एवं व्यापार जगत को सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों से अवगत कराने के लिए बुलाई गई थी। गोयल ने कहा, विभिन्न एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल और इंडस्ट्री बॉडीज के पक्षकारों के साथ एक बहुत ही उपयोगी बैठक हुई। विचार-विमर्श में अमेरिका के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए चल रही चर्चाओं से सभी पक्षकारों को अवगत कराया गया। गोयल ने आगे कहा, उन्हें (निर्यातकों) को अपने वाणिज्यिक निर्णय लेते समय भारत-अमेरिका व्यापार और आर्थिक संबंधों के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया और आश्वासन दिया कि सरकार वैश्विक व्यापार वातावरण में हाल में हुए बदलावों के बीच एक अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए काम करेगी।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने धार जिले के बदनावर में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

## खालसा साजना दिवस : 6,600 सिख श्रद्धालु पाकिस्तान रवाना, 50 साल बाद सभी को मिला वीजा

अमृतसर (आरएनएस)। खालसा साजना दिवस (वैसाखी) के मौके पर गुरुवार को (10 अप्रैल) पूरे भारत से करीब 6,600 सिख श्रद्धालु पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों के दर्शन के लिए रवाना हुए। यह जत्था अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान पहुंचेगा। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की ओर से 1,942 तीर्थयात्रियों का एक विशेष जत्था तैयार किया गया, जो बोले सो निहाल के जयकारों के साथ शिरोमणि कमेटी कार्यालय से रवाना हुआ। इस जत्थे का नेतृत्व एसजीपीसी सदस्य जंग बहादुर और उपनेता बीबी जोगिंदर कौर कर रहे हैं। यह तीर्थयात्री 10 दिनों तक पाकिस्तान में रहेंगे और 19 अप्रैल को भारत लौट आएंगे।

एसजीपीसी ने बताया कि 50 साल बाद ऐसा पहली बार हुआ है, जब सभी आवेदन करने वाले श्रद्धालुओं को वीजा मिला है। इस बार शिरोमणि कमेटी ने 1,942 श्रद्धालुओं के नाम दिल्ली स्थित पाकिस्तान दूतावास को भेजे थे, और सभी को वीजा जारी कर दिया गया। इस उपलब्धि के लिए एसजीपीसी ने भारत और पाकिस्तान सरकारों के साथ-साथ दूतावास अधिकारियों का धन्यवाद किया।

## भाजपा नेता तरुण चुघ ने जिन्ना से की ममता बनर्जी की तुलना

पटना (आरएनएस)। वक्फ संशोधन विधेयक संसद से पारित होने के बाद अब कानून भी बन चुका है। इसके बावजूद विपक्ष का विरोध जारी है। अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऐलान किया है कि वह राज्य में इसे लागू नहीं होने देंगी। उनकी इस घोषणा पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने गुरुवार को उनकी तुलना पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना से की है। बिहार दौरे पर आए तरुण चुघ ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा कि वक्फ विधेयक देश में लागू हो चुका है। ममता बनर्जी को समझना चाहिए कि देश संविधान से चलता है और संसद सबसे सशक्त संस्था है और वहां यह विधेयक पारित हो चुका है। भाजपा नेता ने कहा, ममता बनर्जी देश की नई जिन्ना के रूप में उभर रही हैं और तृणमूल कांग्रेस वही भूमिका निभा रही है जो देश की आजादी से पहले मुस्लिम लीग ने निभाई थी। मुस्लिम लीग की भूमिका आज तृणमूल निभा रही है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को इस मुद्दे पर लोगों को गुमराह नहीं करना चाहिए। आतंकी तहव्वुर राणा को भारत लाए जाने पर तरुण चुघ ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक जीत है। हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि हमारा रुख आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस का है, और हमने कार्रवाई करके इसे प्रदर्शित किया है। जो भी देश पर हमला करेगा वह भले ही दुनिया में कहीं भी छिपा हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर तरुण चुघ ने कहा कि 13 से 25 तारीख तक उनकी विरासत का जश्न मनाया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा जनता को बताएगी कि किस तरह से इंडी गठबंधन के नेताओं ने काका कालेलकर रिपोर्ट द्वारा प्रस्तावित आरक्षण का विरोध किया था।

## फ्लाइट लैंड करते ही पायलट की हालत बिगड़ी, चंद पलों में मौत

नई दिल्ली (आरएनएस)। एयर इंडिया के फ्लाइट के पायलट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पायलट ने अभी फ्लाइट लैंड करवाई ही थी कि कुछ देर बाद ही वह उल्टियां करने लगा। पायलट को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पायलट का नाम अरमान है।

अरमान की उम्र 28 साल थी और हाल ही में उसकी शादी हुई थी। साथी कर्मचारियों ने बताया कि लैंडिंग के बाद पायलट ने कॉकपिट में उल्टी की थी और फिर एयरलाइन के डिस्पैच ऑफिस में कार्डियक अरेस्ट से उसकी मौत हो गई ।द्बह्न ड्ढठ्ठस्त्रद्बड्ड श्व×श्चह्द्गह्यह्य ने अपने बयान में कहा, हम अपने एक बेहद कुशल और सम्मानित सहकर्मी को खोने के कारण गहरे शोक में हैं. यह हमारे लिए एक अत्यंत दुखद क्षण है, हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु के वेलिंगटन में सैनिकों को श्रद्धांजलि दी.





केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के गेवरा व्यू पॉइंट पर एसईसीएल श्रमिकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया.

## सैफ अली खान हमला मामला : मुंबई पुलिस ने किया आरोपी शरीफुल इस्लाम की जमानत याचिका का विरोध

मुंबई (आरएनएस)। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद ने मुंबई के सेशन कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। हालांकि, मुंबई पुलिस ने आरोपी की जमानत याचिका का विरोध किया है। इस मामले में अगली सुनवाई 17 अप्रैल को होगी। मुंबई पुलिस ने आरोपी की तरफ से दाखिल की गई जमानत याचिका मामले में अपना जवाब कोर्ट में दाखिल किया। उन्होंने कहा कि जिस चाकू से सैफ अली खान पर हमला किया गया था, फोरेंसिक जांच में चाकू के तीनों टुकड़े मेल खाते पाए गए हैं।

पुलिस का कहना है कि यह आरोपी के खिलाफ महत्वपूर्ण सबूत है। अगर आरोपी को जमानत दी गई तो उसके फरार होने की संभावना है, इसलिए शरीफुल की जमानत अर्जी मंजूर न की जाए।

बता दें कि आरोपी शरीफुल ने अपनी जमानत याचिका में दावा किया कि उसे झूठे मामले में फंसाया गया है और पुलिस के पास कोई मजबूत सबूत नहीं है। इतना ही नहीं, एफआईआर में कई खामियां भी हैं।

इससे पहले मंगलवार को बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने बांद्रा कोर्ट में चार्जशीट दायर की थी। यह चार्जशीट एक हजार से अधिक पन्नों की है और इसमें कई महत्वपूर्ण साक्ष्य पेश किए गए हैं, जो जांच के दौरान आरोपी शरीफुल इस्लाम के खिलाफ प्राप्त हुए थे।

पुलिस के अनुसार, इस चार्जशीट में फोरेंसिक लैब की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया गया है, जो इस मामले में एक अहम बिंदु साबित हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, घटनास्थल से जो चाकू का टुकड़ा सैफ अली खान के शरीर से और आरोपी के पास से मिला था, वह सभी एक ही चाकू के तीन अलग-अलग टुकड़े थे। इससे यह साफ होता है कि हमलावर ने सैफ अली खान पर हमला करने के लिए उसी चाकू का इस्तेमाल किया था।

इसके अलावा, पुलिस को जांच के दौरान आरोपी शरीफुल इस्लाम के बाएं हाथ की उंगलियों के निशान भी मिले हैं। इन फिंगरप्रिंट्स की रिपोर्ट का भी चार्जशीट में उल्लेख किया गया है, जिससे आरोपी की संलिप्तता और भी स्पष्ट होती है। बांद्रा पुलिस ने इस मामले में आरोपी शरीफुल इस्लाम को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब चार्जशीट दायर करने के साथ ही मामले की आगे की कानूनी प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है।



फिल्म निर्देशक करण जौहर ने जनरल डायर की परपोती द्वारा जलियांवाला बाग हत्याकांड में जीवित बचे एक पीड़ित को 'लुटेरा' कहे जाने को हास्यास्पद करार दिया और कहा कि यह बयान सुनकर उन्हें बहुत गुस्सा आया। हाल में जनरल डायर की परपोती कैरोलिन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी प्रसारित हुआ था जिसमें वह कह रही थीं कि जनरल डायर सम्मानित व्यक्ति थे और उन्हें भारत में काफी पसंद किया जाता था।

# भोजपुरी अदाकारा नेहा मलिक ने ब्लैक साड़ी में ढाया कहर, फैंस को भाया दिलकश अंदाज

भोजपुरी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस और सोशल मीडिया सेंसेशन नेहा मलिक अपनी स्टाइलिश तस्वीरों से हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ब्लैक साड़ी में कुछ बेहद हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं. इन तस्वीरों में नेहा मलिक अपनी दिलकश अदाओं और परफेक्ट पोज़ के साथ फैंस के दिलों पर छा गई हैं.



ब्लैक साड़ी के साथ उन्होंने गोल्डन ज्वेलरी पहनी है, जो उनके लुक को और भी एलिगेंट बना रही है. नेहा ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, मेरी काली साड़ी शब्दों से यादा बोलती है . नेहा की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं. किसी ने उनकी अदाओं की तारीफ की, तो किसी ने उनकी खूबसूरती को कहर बताया. एक यूजर ने कमेंट किया, सौंदर्य सौंदर्य सौंदर्य , तो वहीं दूसरे फैन ने लिखा, मुझे यह पोशाक बहुत पसंद है, बहुत सुंदर है!.

नेहा मलिक अपने बोल्ड और स्टाइलिश लुक के लिए जानी जाती हैं. उनकी तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं और फैंस उन्हें खूब पसंद करते हैं. इंस्टाग्राम पर उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है, और हर पोस्ट पर हजारों लाइक्स और कमेंट्स आते हैं.

### बॉक्स ऑफिस पर सलमान खान की सिकंदर की हालत पस्त, 9वें दिन की कमाई जान लगेगा झटका

सलमान खान की फिल्म सिकंदर ईद के खास मौके पर यानी 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को बड़ी उम्मदें थीं।

लग रहा था कि यह बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ देगी, लेकिन पहले दिन से ही यह फिल्म टिकट खिड़की पर दर्शकों के लिए संघर्ष करती दिख रही है।

अब सिकंदर की कमाई के 9वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।

### रेड 2 का धांसू ट्रेलर रिलीज, अजय देवगन के चक्रव्यूह में फंसे रितेश देशमुख, होगा पाई-पाई का हिसाब

अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म रेड 2 सिनेमाघरों में 1 मई को रिलीज होगी. इसके पहले हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था जिसने फिल्म को लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट बढ़ा दी थी. अब मेकर्स ने इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया है. अजय देवगन अपने किरदार अमर पटनायक के रूप में लौट रहे हैं. लेकिन इस बार उनके सामने सौरभ शुक्ला नहीं बल्कि रितेश देशमुख होंगे. रेड 2 साल 2018 में आई रेड का सीक्वल है जिसमें आगे की कहानी दिखाई जाएगी. पिछली फिल्म में अजय ने आईआरएस ऑफिसर अमय पटनायक का किरदार निभाया था जो एक भ्रष्ट नेता के घर रेड मारता है और सफल होता है.

# पूजा बनर्जी ने अपना स्टूडियो लॉन्च करने के बारे में बताया

अभिनेत्री पूजा बनर्जी ने अपना स्टूडियो शुरू करके उद्यमिता की दुनिया में कदम रखा है। अभिनेत्री ने अपनी खुद की कुछ बनाने की अपनी लंबे समय से चली आ रही इच्छा को साझा किया, इस बात पर जोर देते हुए कि रचनात्मकता और व्यवसाय के प्रति उनके जुनून ने उन्हें यह रोमांचक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। अपने नए उद्यम के साथ, बनर्जी का लक्ष्य नए अवसरों की खोज करना और दूसरों को उनके उद्यमशीलता के सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करना है।

कसौटी जिंदगी की की अभिनेत्री, जो जल्द ही दूसरी बार माँ बनने वाली हैं, मुंबई में एयरबीएनबी पर एक प्रॉपर्टी की भी मालकिन हैं, और अब, उन्होंने अपना खुद का स्टूडियो खरीदकर अपनी सूची में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। इस बारे में बात करते हुए, पूजा ने बताया, मैंने वास्तव में बिजनेस मैनेजमेंट और अर्थशास्त्र का अध्ययन किया है, इसलिए मेरा हमेशा से ही व्यवसाय और अपना खुद का कुछ शुरू करने की ओर झुकाव रहा है। मेरे पास पहले से ही एयरबीएनबी पर एक प्रॉपर्टी है, जो मेरा पहला उद्यम था। अब, मैं अपना खुद का स्टूडियो चलाना चाहती थी, इसलिए मैंने अपनी कंपनी, एक्रोम प्राइवेट लिमिटेड शुरू की, जिसके तहत यह स्टूडियो मेरा पहला स्वामित्व है।



उन्होंने कहा, यह एक ऐसी जगह है जिसे लोग शूटिंग, जुम्बा सेशन, पॉडकास्ट और बहुत कुछ के लिए किराए पर ले सकते हैं। दिल्ली में स्थित, मैं इसे अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। यह पूरी तरह से साउंडप्रूफ स्टूडियो है। कृपया इसे अपना प्यार और आशीर्वाद दें।

पूजा ने 2022 में अपनी पहली संतान, बेटी सना का स्वागत किया। पूजा ने 2017 में संदीप सेजवाल के साथ विवाह किया। पूजा ने पहले साझा किया था कि वह और उनके पति हमेशा से दो बच्चे पैदा करने का सपना देखते थे, और वे उस सपने को साकार होते देखकर बहुत खुश हैं।

## अखिल6 के शीर्षक से उठा पर्दा, फिल्म लेनिन से अखिल अक्किनेनी की दमदार झलक आई सामने

तेलुगु सिनेमा के प्रमुख प्रोडक्शन हाउस अन्नपूर्णा स्टूडियोज और सीथारा एंटरटेनमेंट्स ने युवा और गतिशील अखिल अक्किनेनी की बहुप्रतीक्षित अगली फिल्म अखिल 6 का निर्माण करने के लिए हाथ मिलाया है। निर्माता किंग अक्किनेनी नागार्जुन और नागा वामसी ने अभिनेता के जन्मदिन के अवसर पर लेनिन की बहुप्रतीक्षित शीर्षक झलक का अनावरण किया है। मुरली किशोर अब्बुरू द्वारा निर्देशित, जिन्होंने विनारो भाग्यमु विष्णु कथा से अपनी शुरुआत की, यह फिल्म ग्रामीण रायलसीमा की पृष्ठभूमि पर आधारित एक गहन, एक्शन से भरपूर अनुभव का वादा करती है।

द ग्लिम्प्स की शुरुआत शक्तिशाली दृश्यों से होती है, जिसमें दैवीय तत्वों की कल्पना की गई है, जो फिल्म की गंभीर और आकर्षक दुनिया की झलक पेश करते हैं। अखिल अक्किनेनी ने लेनिन में एक शानदार और उग्र भूमिका निभाई है। वह अपनी मोटी मूंछों और लंबे बालों के साथ एक शक्तिशाली, कठोर उपस्थिति का परिचय देते हैं, जो उनके मर्दाना अवतार को पूरी तरह से पूरक बनाता है। उनकी स्क्रीन उपस्थिति अद्भुत है। शीर्षक झलक में अखिल के साथ श्री लीला को भी मुख्य महिला के रूप में दिखाया गया है।

शीर्षक की झलक जबरदस्त एक्शन क्षणों और अखिल के शक्तिशाली संवाद से भरपूर है। रायलसीमा स्लैंग में पुट्टेटप्पुडु ऊपिरी वुंटाधि रा, पेरु वुंदाडु। पोयेटाप्पुडु ऊपिरी वुंदाडु, पेरू मैट्रामे वुंटाधि, एक ऐसा पंच पेश करता है जो एक भावनात्मक रूप से चार्ज किए गए एक्शन एंटरटेनर का संकेत देता है। अखिल अक्किनेनी रायलसीमा स्लैंग में माहिर हैं और उनका वॉयस मॉड्यूलेशन परफेक्ट है। फिल्म के मनोरंजक दृश्य और टोन को प्रदर्शित करते हुए, शीर्षक की झलक हर किसी को स्तब्ध कर देती है। इसमें टैगलाइन है, कोई भी युद्ध प्यार से यादा हिंसक नहीं है, यह दर्शाता है कि यह फ़िल्म कच्ची भावनाओं के साथ प्यार और संघर्ष के विषयों का पता लगाएगी। सिनेमैटोग्राफर नवीन कुमार द्वारा कैप्चर किए गए दृश्य, गंभीर और गहन हैं, जबकि सनसनीखेज थमन अपने विद्युतीय संगीत स्कोर के साथ अनुभव को बढ़ाता है।

# अपने 43वें जन्मदिन पर अल्लू अर्जुन ने एटली संग एए22×ए6 का किया एलान, सुपरहीरो मोड में दिखे पुष्पाराज

अल्लू अर्जुन ने अपने 43वें जन्मदिन पर अपने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है. एक्टर ने यह पुष्टि की है कि वह मशहूर फिल्म मेकर एटली संग काम कर रहे हैं. टॉलीवुड स्टार ने तमिल निर्देशक एटली के साथ मिलकर एक शानदार प्रोजेक्ट बनाया है, जिसे पहले कभी नहीं देखा गया साइंस-फिक्शन एक्शनर बताया जा रहा है. आगामी फिल्म, जिसका अस्थायी नाम एए22×ए6 है. मेकर्स ने प्रोजेक्ट पर चल रहे काम की एक झलक पुष्पा 2= द रूल के साथ बॉक्स ऑफिस पर ऐतिहासिक हिट देने के बाद, आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन एक बार फिर से अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयार हैं. अपने जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने मेकर्स के साथ मिलकर अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट का एलान किया है. इस प्रोजेक्ट के लिए अल्लू अर्जुन और एटली ने सन पिक्चर्स के साथ हाथ मिलाया है. सन पिक्चर्स ने अल्लू अर्जुन के 43वें जन्मदिन पर उनका और एटली का एक शानदार वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें अल्लू अर्जुन और एटली एक साथ मिलकर एक हाई-ऑक्टेन प्रोजेक्ट पर काम करते दिख रहे हैं. इस वीडियो ने फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है. इस वीडियो को साझा करते हुए मेकर ने कैप्शन में लिखा है, लैंडमार्क सिनेमैटिक इवेंट के लिए तैयार हो जाइए. एए22×ए6 सन पिक्चर्स की ओर से एक शानदार झलक. सन पिक्चर्स की निर्मित एए22×ए6 अल्लू अर्जुन की 22वीं फिल्म और एटली की 6वीं निर्देशित फिल्म है. मेकर्स द्वारा जारी किए गए वीडियो में इस बात की झलक दिखाई गई है कि प्रोजेक्ट की कल्पना कैसी की जा रही है. वीएफएक्स का शुरुआती फेज कैसा होगा.

वीडियो में दिखाया गया है कि टीम आगामी प्रोजेक्ट के लिए किन-किन पहलुओं पर काम कर रही है. टीम भारत के अलावा अमेरिका के भी कई टीम से मिली, जिसमें लोला वीएफएक्स समेत कई पॉपुलर स्टूडियो शामिल हैं. वीडियो में एक खास पल दिखाया गया है, जिसमें में अल्लू अर्जुन को 360-डिग्री 3डी स्कैनिंग से गुजरते हुए दिखाया गया है, जो फिल्म की हाईटेक सीन का संकेत देता है. आधिकारिक तौर पर यह पुष्टि की गई है कि कहानी दुनिया से परे होगी, जिसमें अलौकिक और विदेशी जीव शामिल हो सकते हैं. यह प्रोजेक्ट पहले कभी नहीं देखे गए सिनेमाई अनुभव का वादा करता है.

फिल्म मेकर्स ने हॉलीवुड के कुछ सबसे बड़े नामों के साथ हाथ मिलाया है. एए22×ए6 के लिए उन्होंने स्पेक्ट्रल मोशन के लिए लॉस एंजिल्स में लोला विजुअल इफेक्ट्स के साथ हाथ मिलाया है. अल्लू अर्जुन और एटली लॉस एंजिल्स भी गए, जहां उन्होंने फ्रैक्चर्ड एफएक्स (स्पेशल मेकअप इफेक्ट्स स्टूडियो), आईएलएम टेक्नोप्रॉप्स (वर्चुअल प्रोडक्शन टूल में एक्सपर्ट), आयरनहेड स्टूडियो (एक कॉस्ट्यूम और आर्ट स्टूडियो) और लिगेसी इफेक्ट्स (एक अमेरिकी विजुअल इफेक्ट्स स्टूडियो जो क्रिएचर डिजाइन और प्रोस्थेटिक्स के लिए जाना जाता है) जैसी टीमों से मुलाकात की.

### ओडेला 2 का ट्रेलर रिलीज, शिव शक्ति बन गांव वालों की रक्षा करने आईं तमन्ना भाटिया

साल 2022 में फिल्म आई थी ओडेला रेलवे स्टेशन। इसे दर्शकों ने काफी सराहा। अब इसका सीक्वल ओडेला 2 आ रहा है। दूसरे पार्ट में तमन्ना भाटिया लीड रोल अदा कर रही हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया है, जो काफी दिलचस्प है। इसमें दैवीय शक्ति और शैतान के बीच लड़ाई है। तमन्ना शिव शक्ति की भूमिका में हैं, जो गांव वालों की रक्षा करती हैं।

फिल्म का ट्रेलर फिलहाल सबटाइटल्स के साथ तेलुगु में ही रिलीज किया गया है। यह रोमांच और रहस्यों से भरपूर है। फिल्म की कहानी एक बुरे इरादों वाले शख्स (वशिष्ठ) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके काले जादू और तंत्र गांव वालों को परेशान करते हैं।

खासकर वह महिलाओं को परेशान करता है। उससे रक्षा के लिए शिव शक्ति (तमन्ना भाटिया) की एंट्री होती है। अपनी दिव्य ऊर्जा और ताकत के साथ शिव शक्ति उस बुरे शख्स के शासन की समाप्ति का संकल्प लेती हैं।

# क्या आप अंकुरित सही खा रहे हैं? इन 5 बातों का रखें खास ध्यान

अंकुरित को कई लोग सलाद की तरह खाते हैं, लेकिन क्या आप इसे सही तरीके से खा रहे हैं? अंकुरित में मौजूद पोषक तत्वों का सही तरीके से सेवन करना जरूरी है ताकि आपको इसका पूरा स्वास्थ्य लाभ मिल सके।



आइए हम आपको अंकुरित खाने से संबंधित पांच ऐसी बातें बताते हैं, जिनका आपको हमेशा ध्यान रखना चाहिए ताकि आप इसे सही तरीके से खा सकें और इसके फायदे भी आपको मिलें।

अंकुरित को खाने से पहले पानी में भिगोएं अंकुरित को खाने से पहले उन्हें पानी में भिगोना जरूरी है। यह प्रक्रिया अंकुरित के पाचन को आसान बनाती है और उन्हें खाने योग्य बनाती है। इसके लिए अंकुरित को कम से कम 4-6 घंटे तक पानी में भिगोएं। इससे वे नरम हो जाते हैं और उनका स्वाद भी बढ़ जाता है।

इसके अलावा यह तरीका उनके पोषक तत्वों को भी सुरक्षित रखता है। इसलिए अंकुरित को हमेशा पानी में भिगोकर ही खाएं।

कच्चे अंकुरित का सेवन न करें

कच्चे अंकुरित खाने से सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

इनमें मौजूद कुछ तत्व शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण को रोक सकते हैं, जिससे पोषण की कमी हो सकती है। इसलिए कच्चे अंकुरित खाने से बचें और इन्हें हल्का सा भूनकर या उबालकर खाएं। इससे ये आसानी से पच जाते हैं और इनके पोषक तत्व भी शरीर द्वारा अच्छे से अवशोषित होते हैं। इस तरह आप अंकुरित का पूरा स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

सीमित मात्रा में खाएं

अंकुरित खाने की मात्रा पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। अधिक मात्रा में अंकुरित खाने से पेट में गैस या अपच जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए इन्हें सीमित मात्रा में ही खाएं।

एक समय में लगभग 50 ग्राम अंकुरित खाना पर्याप्त होता है। इसे आप नाश्ते या शाम की चाय के साथ खा सकते हैं। इससे आपको सभी पोषक तत्व मिलेंगे और कोई भी परेशानी नहीं होगी।

अन्य खाद्य पदार्थों के साथ मिश्रण बनाएं अंकुरित को अकेले खाने की बजाय अन्य खाने की चीजों के साथ मिलाकर खाएं। इससे इसका स्वाद बढ़ेगा और यह अधिक पौष्टिक बनेगा।

आप इसे सलाद में मिला सकते हैं या सूप आदि में भी डाल सकते हैं। इसके अलावा आप इसे दही या छाछ के साथ भी खा सकते हैं। इससे न केवल इसका स्वाद बढ़ेगा बल्कि इसके पोषक तत्वों का अवशोषण भी बेहतर होगा। इस तरह आप अंकुरित का पूरा स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। अंकुरित को लंबे समय तक स्टोर करने से बचें अंकुरित को लंबे समय तक रखने से उनके पोषक तत्व कम हो जाते हैं और वे सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसलिए इन्हें ताजा ही बनाकर खाएं। अगर आपके पास अधिक मात्रा में अंकुरित बच जाएं तो उन्हें ठंडे स्थान पर रख दें ताकि उनकी ताजगी बनी रहे।

# गर्मियों के दौरान एक्सरसाइज करते समय न करें ये 5 गलतियां, रहेंगे फिट

गर्मियों में एक्सरसाइज करते समय कई लोग कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जो उनके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं। हालांकि, अगर आप इन गलतियों को समझ जाते हैं तो आप इन्हें करने से बच सकते हैं और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं।



आइए आज हम आपको ऐसी ही पांच गलतियों के बारे में बताते हैं, जिनसे आपको गर्मियों के दौरान एक्सरसाइज करते समय बचना चाहिए।

पानी पीने में लापरवाही

गर्मियों में पसीना अधिक आता है, जिसके कारण शरीर से नमक और पानी की अधिक मात्रा में कमी होती है।

इस कारण शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जो कि एक गंभीर समस्या है। इससे बचने के लिए पानी का पूरा ध्यान रखें।

इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं और साथ ही नारियल पानी या ताजे फलों के रस का सेवन भी करें। इससे शरीर को जरूरी तत्व भी मिलेंगे।

आराम को नजरअंदाज करना

अगर आप गर्मियों के दौरान एक्सरसाइज करते समय समय पर आराम नहीं करते हैं तो इससे आपकी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

आराम न करने से शरीर में सूजन और दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जिससे आपकी फिटनेस पर बुरा असर पड़ता है।

इसलिए आराम करना न भूलें। जब आपको थकान महसूस हो तो एक्सरसाइज भी न करें क्योंकि इससे शरीर को ठीक करने का समय नहीं मिल पाता है।

जरूरत से ज्यादा पानी पीना

गर्मियों के दौरान एक्सरसाइज करते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप जरूरत से ज्यादा पानी पीने लगें।

अधिक पानी पीने से शरीर में तत्वों का संतुलन बिगड़ सकता है।

इसके कारण आपको शरीर में कमजोरी, चक्कर आना, मतली और उल्टी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इससे शरीर में पानी की कमी भी हो सकती है।

सही आहार न लेना

अगर आप एक्सरसाइज करने के बाद भी आहार पर ध्यान नहीं देते हैं तो इससे आपकी फिटनेस पर बुरा असर पड़ सकता है।

एक्सरसाइज के बाद प्रोटीन युक्त आहार का सेवन करना चाहिए क्योंकि यह मांसपेशियों को ठीक करने और उन्हें मजबूत बनाने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त शरीर को ठंडक देने के लिए नारियल पानी, ताजे फलों का रस या छाछ का सेवन करें। अधिक समय तक एक्सरसाइज करना कुछ लोग मानते हैं कि अधिक समय तक एक्सरसाइज करने से फिटनेस बेहतर होती है, जबकि ऐसा नहीं है।


फिटनेस को बेहतर बनाने के लिए जरूरी है कि आप अपनी एक्सरसाइज को सही तरीके से करें और इसके लिए आपको ज्यादा समय तक एक्सरसाइज करने की जरूरत नहीं है।

## शब्द सामर्थ्य -013

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. मृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती हैं, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुलबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सवेरा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 012 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | वं | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) थाना खमरिया मे मेडिकल कालेज से सूचना मिली कि मंगल कुरैशी उम्र 62 वर्ष निवासी ठक्कर ग्राम हनुमानताल को शाम लगभग 4 बजे सड़क दुर्घटना में घायल होने से बेटे मुख्तार द्वारा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था जिसकी दौरान उपचार के आज सुबह लगभग 5-30 बजे मृत्यु हो गयी है। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# वीरांगना रानी दुर्गावती पूरे देश के लिये एक आदर्श व प्रेरणा स्त्रोत है- मंत्री राकेश सिंह







## मंत्री राकेश सिंह ने अध्ययन यात्रा पर जबलपुर पहुंचे जनजातीय बच्चों के साथ किया संवाद

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने आज नेपियर टाऊन स्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यालय में जनजातीय बच्चों के साथ संवाद किया। जिसमें उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुये वीरांगना रानी दुर्गावती की वीरता, पराक्रम,स्वाभिमान, देश प्रेम व उसके शासन व्यवस्था व साम्राज्य के साथ उनके द्वारा किये गये जनहित के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती उनके आदर्श हैं, वे भविष्य को दृष्टिगत रखते हुये जनहित के कई योजनायें शुरू की तथा कई जन कल्याण के कार्य भी किये। जिससे उन्हें हमेशा प्रेरणा मिलती है। उन्होंने मातृ भूमि की रक्षा के लिये अपना सर्वस्व बलिदान कर दी। वे मुगलों को आक्रांता मानती थीं और यहां की संस्कृति पर उन्हें गहरा विश्वास था। उन्होंने अपने देश और संस्कृति के लिये 52 लड़ाईयां लड़ी और नर्रई नाला के पास देश व स्वाभिमान की रक्षा करते-करते बलिदान हो गईं। वीरांगना रानी ने अपने जीवनकाल में जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये। उन्होंने 52 तालाब बनवाये थे जो इंटर कनेक्टेट थे। गढ़ा की बावली और लाल पुरवा की बावली को जीर्णोद्धार कर उन्हें जल मंदिर नाम दिया गया है जिसे देखने के लिये कई लोग आते हैं। उन्होंने कहा कि गोंडवाना संस्कृति भारत की प्राचीन संस्कृति है, जिसमें महारानी दुर्गावती का अटल विश्वास था, वे बिना भेदभाव के जल कल्याण के कार्य करते हुये देश की रक्षा की। इसीलिए वीरांगना रानी दुर्गावती सिर्फ जनजातियों के लिये ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिये एक आदर्श व प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने बालिकाओं की बेहतर शिक्षा, विकास की अधोसंरचना और विज्ञान की दृष्टि से उन्नत कार्य किये। इसीलिए मध्य प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाई ओव्हर का नामकरण भी रानी दुर्गावती के नाम पर हैं। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि वीरांगना रानी के कार्यों को आगे बढ़ाना है क्योंकि वे बिना किसी भेदभाव से सर्व समाज के लिये सोचती थी इसीलिए उनका नाम आज भी सम्मान के साथ लिया जाता है। महाराणा प्रताप ने भी रानी दुर्गावती से वीरता की प्रेरणा ली थी। साथ ही उन्होंने राजस्थान मेवाड़ से कहा था कि संपूर्ण समाज को रानी से प्रेरणा लेनी चाहिए। मंत्री श्री सिंह ने जनजातीय बच्चों से कहा कि रानी दुर्गावती प्राचीन भारतीय संस्कृति को ही अपनी संस्कृति मानती थी इसलिए उन्हें गहराई से जाने, उसके आदर्शों को आत्मसात करें और लोगों को बताये भी। महारानी दुर्गावती की कुलदेवी राजराजेश्वरी थी और गढ़ा में माला देवी भी थी, जहां आज भी लोगों की अपार श्रद्धा है। संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति में वीरांगना रानी दुर्गावती से बड़ा नाम दूसरा नहीं हैं।

उनके नाम पर गर्व होना चाहिए। वह किस तरह की समाज व देश चाहती थी उनके जीवन का अध्ययन करें और उनके देश हित को आत्मसात करें। उल्लेखनीय है कि संवाद में शामिल उक्त जनजातीय विद्यार्थी मंडला और डिंडौरी से थे, जो दो दिवसीय अध्ययन यात्रा पर जबलपुर आये हैं। जनजातीय विद्यार्थियों को देश के लिये देश के हित में काम करने वाले संगठन द्वारा ट्रीपल आईटी डीएम, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, भंवरताल गार्डन, आर्मी केंपस, कृषि विश्व विद्यालय, रानी दुर्गावती संग्रहालय सहित अनेक स्थलों का भ्रमण कराया है साथ ही कैरियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है।

# तिलक वार्ड अंतर्गत सिंधी मोहल्ला क्षेत्र स्थित रोड नली के निर्माण कार्य का हुआ भूमि पूजन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में उप नेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी ने बताया कि सिंधी मोहल्ला खेरमाई मंदिर के पीछे स्थित क्षेत्र जान की मांग पर रोड एवं नाली जो कि जर्जर हो गई थी इसके निर्माण कार्य का भूमि पूजन आज पार्षद शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी, मधु सोनकर जी, सेवादल कांग्रेस के पूनम चंद सोनकर जी की उपस्थिति में छोटी सी कन्या यशिका सोनकर जी के द्वारा किया गया जिसमें क्षेत्रीय जन शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी पूनम चंद्र सोनकर जी मधु सोनू सोनकर जी कृष्ण सोनकर जी रशीद मंसूरी जी राजकुमार सोनकर जी सुल्तान खान जी मनोज सोनकर जी प्रदीप सोनकर जी रिंकू मंसूरी जी सेटी सोनकर जी की उपस्थिति रही क्षेत्रीय जानो ने प्रशंसा व्यक्त की अब रोड एवं नाली के निर्माण से क्षेत्र में चलने में कोई दिक्कत नहीं होगी एवं क्षेत्रीय जन ने एक दूसरों को मिठाई खिलाई

# स्वर्गीय वाय.एस. धर्माधिकारी वार्षिक विधिक सहायता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन आज

## सुबह 11 बजे से 4 बजे तक अधिवक्ता देंगे निःशुल्क विधि परामर्श

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संस्कारधानी में स्वर्गीय श्री वाय.एस. धर्माधिकारी वार्षिक विधिक सहायता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन 13 अप्रैल 2025 को किया जाएगा। उक्त जानकारी शनिवार शाम 4.30 बजे आयोजित पत्रकार वार्ता में रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर प्रीमियर के अध्यक्ष सार्थक सेठी व एडवोकेट शिवेन्द्र पांडे ने दी। कन्वेनियर शिवेंद्र पांडे ने बताया राइट टाउन स्थित स्मार्ट सिटी ऑफिस के सामने पटेरिया कम्पाउंड में आयोजित शिविर न्यायप्रिय, जनसेवक और प्रतिष्ठित विधिवेत्ता स्वर्गीय श्री वाय.एस. धर्माधिकारी की स्मृति में, प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला विधिक सहायता एवं जागरुकता शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना है। यह आयोजन श्री विवेक कृष्ण तन्खा, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राज्यसभा सांसद के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। श्री तन्खा जी का विधिक सेवा,



समाजसेवा और न्यायिक सुधारों के प्रति समर्पण इस शिविर की प्रेरणा है। शिविर में वरिष्ठ अधिवक्ता, विधि विशेषज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वंयसेवक भाग लेंगे। दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक, श्रम, संपत्ति से संबंधित मामलों पर विधि विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क सलाह दी जाएगी।

**दो चरणों में लगेगा शिविर, 100 से अधिक अधिवक्ता देंगे सेवाएं**

शिवेंद पांडे ने बताया कि यह शिविर दो चरणों में लगाया जा रहा है। 13 अप्रैल को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक इसके बाद 2 बजे से 4 बजे तक कैंप में अधिवक्ता निःशुल्क विधि परामर्श देंगे। कैंप में पहले चरण में 75 अधिवक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया है वहीं दूसरे चरण के लिए 50 से अधिक वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया है।

**शिविर में वरिष्ठ अधिवक्ता भी अपनी सेवाएं देंगे।**

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री न्यायमूर्ति डी.एम. धर्माधिकारी, माननीय उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश होंगे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ होगा। वर्ष 2023 में 200 से अधिक को मिला था लाभ शिवेंद्र पांडे ने जानकारी दी कि यह शिविर वर्ष 2023 में लगाया गया था, जिसमें 250 लोगों का विधि परामर्श दिया गया था। इसमें ऐसे लोग थे जो कि लंबे समय से सही विधि परामर्श नहीं मिलने से भटक रहे थे।

ग्रामीण क्षेत्र में भी होगा आयोजन

आयोजन समिति ने बताया जिले के शहरी क्षेत्र में शिविर आयोजित किए जाने के बाद इस वर्ष अक्टूबर से दिसंबर के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिविर लगाए जाने की योजना तैयार की जा रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी कैंप के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को निःशुल्क विधि परामर्श दिया जा सके। प्रेस कॉफ्रेन्स में चमन राय सचिव, सूचित साहनी कोषाध्यक्ष, डॉ. अमरेंद्र पांडे, एडवोकेट श्रेयश धर्माधिकारी, संतेज सेठी, अभिमन्यु सिंह चौहान, श्रेयांश बाजपेई, शाश्वत अवस्थी, आयुष शुक्ला, शुभयांस प्यासी उपस्थित थे।

# राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें- कलेक्टर सक्सेना





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरणों के निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आरओआर, किसानों के ई-केवयासी, अतिक्रमण हटाने, धारणाधिकार आदि पर चर्चा कर कहा कि 100 दिन की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। कलेक्टर श्री सक्सेना ने राजस्व प्रकरणों की पेंडेंसी खत्म करने के लिये आरसीएमएस में रोजाना दर्ज होने वाले प्रकरणों से अधिक का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों दिये।

साथ ही कहा कि सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त राजस्व विभाग से संबधित शिकायतों के निराकरण भी करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में तत्परता बरतने की हिदायत देते हुये कहा कि शिकायतों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण और आवेदक की संतुष्टि के साथ किया जाये। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह, श्री नाथूराम गौंड़ सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद थे।

## अकाल मृत्यु

जबलपुर- थाना चरगवां में ग्राम सुनवारा मे एक व्यक्ति की मृत्यु होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को सुनवारा माईनर नहर के पानी में उमाशंकर कुशवाहा उम्र 26 साल निवासी ग्राम सुनवारा का मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। मृतक के भाई दुर्गेश कुशवाहा उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम सुनवारा ने बताया कि उसका छोटा भाई उमाशंकर कुशवाहा उम्र 26 वर्ष दिनांक 11/04/25 को सुबह 10 बजे घर से घूमने जाने का कहकर निकला था जो रात मे घर नहीं आया। तलाश करने पर नही मिला आज पता चला कि एक व्यक्ति माईनर बरगी नहर के पानी में डूबा हुआ मृत अवस्था मे पडा है तो देखने आया देखा उसका भाई नहर के पानी में डूबा हुआ मृत अवस्था मे पडा था भाई शराब पीने का आदी था

# पाम सन्डे की पवित्र आराधना रविवार को महागिरीजा घर सेंट पीटर एंड पॉल कैथेड्रल सदर मैं किया जायेगा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पाम सन्डे की पवित्र आराधना रविवार को महागिरीजा घर सेंट पीटर एंड पॉल कैथेड्रल सदर मैं किया जायेगा, समस्त विश्व कल दिनांक 13 अप्रैल को पाम सन्डे याने की खजुरी रविवार बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया जायेगा, यह पवित्र पर्व ठीक ईस्टर पर्व के एक सप्ताह पहले मनाया जाता है पाम सन्डे को प्रभू ईशा मशीह का यरूसलेम मैं प्रवेश होता है और समस्त प्रजा अपने राजा का स्वागत खजूर की डालियों अपने हांथों मैं लेकर करते है, इसी कड़ी में कल जबलपुर सदर स्थिति महगिरजा घर सेंट पीटर एंड पॉल सदर मैं रविवार 13 अप्रैल को सुबह 7. 30 बजे खजूर की डालियो के साथ समस्त पल्लीवासियो की उपस्थिति मैं एक जलूस के साथ इस महान पर्व को मनाया जाएगा, यह जलूस सेन्ट जोसेफ स्कूल से होकर चर्च परिसर मैं सम्पन होगा, उसके बाद चर्च में पाम सन्डे की आराधना होगी, इस जलूस को को सफल बनाने हेतु पल्लीपुरोहित डॉ फादर डेविस जोर्ज, पल्ली सचिव फेलिक्स बारला, जॉन डेविड, मनोज अन्थोनी, रेशलू पीटर , जूसिया आदि ने समस्त पल्लीवासियो सै उपस्थित की अपील की है..

# देश में मानवाधिकारों और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के उल्लंघन गंभीर चिंता के विषय



**डॉक्टर सैयद खालिद कैस**
**मानवाधिकार कार्यकर्ता,लेखक**

एक ओर जहां केंद्र सरकार ओर उसके मंत्री संत्री देश दुनिया में अपनी उपलब्धियों के बखान किए बगैर थक नहीं रहे वहीं दूसरी ओर विदेशी मीडिया और विदेशी सरकारों द्वारा हमारी व्यवस्थाओं पर हो रहे हमलों ने विश्व धरा पर हमारी छबि को धूमिल करने में कोई कसर नहीं की है। विगत 12वर्षों से देश में जो एक नई बयार चली है उसका असर 2014से आरम्भ होकर 2024तक स्पष्ट नजर आने लगा है।देश में जिन मुद्दों को लेकर वाद विवाद तर्क टिप्पणी देखने में आ रही है वह देश की एकता अखंडता भाई चारे को निगल रही हैं। केंद्र में बिराजी सरकार पूर्ववर्ती सरकारों पर जिन मुद्दों पर हमलावर होती थी आज जब उनके गिरेबान पर आता है तो वह आवाज दबाने के नित नए नए हथकंडे आजमाते नजर आते हैं। ऐसे ही एक मुद्दे पर गत दिनों सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस बी एन श्रीकृष्ण ने तल्ख टिप्पणी की जिसने सरकार को न सिर्फ आईना दिखाया वरन जनमानस को सोचने पर मजबूर कर दिया कि मंदिर मस्जिद हिन्दू मुस्लिम को छोड़ हमें उन ज्वलंतशील मुद्दों पर ध्यान देना होगा जो हमारे निजी जीवन से जुड़े हुए हैं।

दरअसल लोकतांत्रिक अधिकार और धर्मनिरपेक्षता संरक्षण समिति (सीपीडीआरएस) द्वारा आयोजित लोकतांत्रिक अधिकारों और धर्मनिरपेक्षता विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस बी एन श्रीकृष्ण ने कहा कि देश में मानवाधिकार का मामला मुश्किल दौर से गुजर रहा है, क्योंकि उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं।

जस्टिस बी एन श्रीकृष्ण ने देश में मानवाधिकारों और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के उल्लंघन पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, %%न्याय में देरी न्याय से इनकार है।%% उन्होंने कहा कि असहमति और विरोध की आवाज उठाने का अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए, कानून का शासन कायम रहना चाहिए और धर्मनिरपेक्षता का अर्थ अन्य धार्मिक विश्वासों को भी सहन करने की क्षमता होना चाहिए। उन्होंने वर्तमान संदर्भ में चिंता जताते हुए कहा कि भारत में अब मानवाधिकारों और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों जैसे प्रमुख मूल्य खतरे में हैं।%%

पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से देश में न्यायिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा, %%नागरिक समाज को लोगों के अधिकारों पर हो रहे इन हमलों से लड़ने के लिए आगे आना होगा।%%

इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के एक अन्य रिटायर्ड जज जस्टिस ए के पटनायक ने हिरासत में मौत, फर्जी मुठभेड़ और जेलों में यातना के मुद्दों को रेखांकित करते हुए कहा कि देश में लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार संस्थाएं ही इनका सबसे अधिक उल्लंघन कर रही हैं।हिरासत में मौतें, फर्जी मुठभेड़ और जेल में यातनाएं बढ़ने की घटनाएं बढ़ी हैं।%%न्यायमूर्ति पटनायक यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा, %%एक समतामूलक समाज के बजाय, संपत्ति कुछ लोगों के हाथों में केंद्रित हो रही है और जिस तरह से समाज विभाजित हो रहा है, मुझे लगा कि अब मुझे अपनी बात कहनी ही होगी।''

लोकतांत्रिक अधिकार और धर्मनिरपेक्षता संरक्षण समिति (सीपीडीआरएस) द्वारा आयोजित लोकतांत्रिक अधिकारों और धर्मनिरपेक्षता विषय पर आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री प्रशांत भूषण ने कहा कि भारत में मौलिक अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। उन्होंने कहा, %%संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट कर दिया गया है और कठोर कानून लागू किये गये हैं।%% श्री भूषण ने कहा कि निर्वाचन आयोग और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक सत्तारूढ़ शासन के पिछलग्गू बनने के जीवंत उदाहरण हैं। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में जिन विषयों पर ध्यानाकर्षित कराया गया है उसका सीधा संबंध देश के जनमानस है। हमारे संवैधानिक अधिकारों पर हो रहे हमले चिन्ता का विषय है। देश की जनता को राजनैतिक दलों के बहकावे से दूर अपने मानव अधिकारों, संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण की ओर ध्यान केंद्रित करना होगा वरना आने वाले समय में हम अपनी संतानों से उनका भविष्य छीन लेंगे।वर्तमान समय में जिस प्रकार लोकतांत्रिक तरीके से चुनी सरकारें लोकतंत्र के मूल तत्वों को नष्ट करके निरंकुशता का उपयोग कर रही हैं वह चिंतनीय है।हमारे समाज को सामाजिक न्याय पर हो रहे हमलों सहित संवैधानिक अधिकारों पर हो रहे आघातों के प्रति सजक रहकर निष्पक्षता को बढ़ाना देना होगा तभी देश का उत्थान होगा।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना भेड़ाघाट में सरस्वती घाट नर्मदा नदी तट के किनारे एक व्यक्ति के शव पड़े होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को अजय करोसीया उम्र 25 वर्ष निवासी सरस्वती घाट ने बताया कि वह सरस्वती घाट होटल में काम करता है दिनांक 11/4/25 को सरस्वती घाट गया था जहां एक अज्ञात व्यक्ति का शव नदी में उतराता दिखा। सूचना पर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुए मर्ग कायम कर अज्ञात मृतक उम्र लगभग 25/30 वर्ष की शिनाख्तगी के प्रयास जारी हैं।

**निजी अस्पताल संचालकों को 100 रुपए के स्टांप में लिखकर देना होगा कि उनके यहां कोई फर्जी चिकित्सक नहीं है**

# 100 रुपए के स्टांप में लिखकर दे दो हमारे यहां कोई फर्जी डॉक्टर नहीं

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** बहुचर्चित दमोह फर्जी चिकित्सक कांड का स्वास्थ्य विभाग के लिए केवल इतना ही सबक है कि अब उसे निजी अस्पताल संचालकों को 100 रुपए के स्टांप में लिखकर देना होगा कि उनके यहां कोई फर्जी चिकित्सक नहीं है। विभाग इस प्रक्रिया के जरिए अपने जांच अभियान की इतिश्री कर लेगा। बाकी की जांच और रिपोर्ट भी निजी अस्पताल संचालकों को ही देना है।



दरअसल, मिशन अस्पताल दमोह में फर्जी चिकित्सक का बड़ा कारनामा सामने आया था। बिना योग्यता के उसने जिन मरीजों की सर्जरी की उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद निजी अस्पतालों की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। उसके तार जबलपुर से जुड़े होने की जानकारी सामने आ रही है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने इसकी जांच अभी तक शुरू नहीं की है। दमोह के प्रशासन से भी जानकारी नहीं मांगी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा की ओर से जारी परिपत्र में चिकित्सा अधिकारियों की प्रमाणित योग्यता और पंजीकरण की अनिवार्यता की जांच की जिम्मेदारी निजी अस्पताल संचालकों को ही दे दी गई है। उन्हें लिखित में इतना ही बस बताना है कि उनके यहां कोई फर्जी चिकित्सक काम नहीं कर रहा है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सभी अस्पतालों को 21 अप्रेल तक अपने चिकित्सा अधिकारियों की योग्यता एवं पंजीकरण की जांच कर इसकी पुष्टि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समक्ष करनी है। अस्पताल संचालकों को ही सुनिश्चित करना है कि कि अन्य प्रदेश से आए चिकित्सकों की सेवाएं तभी लें, जब वे मध्यप्रदेश मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत हों।

जबलपुर में तो निजी अस्पतालों के लाइसेंस ही सवालों के घेरे में है। पत्रिका ने मनमानी को उजागर किया था। न्यू लाइफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अग्निकांड में यह सामने आया भी था जब बिना मानकों को पूरे किए उसे लाइसेंस दे दिया गया था। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने भी इस पर सख्ती दिखाते हुए निरीक्षण रिपोर्ट में गोलमोल जानकारी देने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

शहर के आधा दर्जन बड़े निजी अस्पतालों में बेसमेंट में पार्किंग की जगह दवा दुकानें चलते पाईं गईं और डॉक्टरों के चैंबर बनाए गए थे। नगरनिगम ने इन्हें सील कर दिया, बाद में उसके अधिकारी चुप्पी मार गए। दो अस्पतालों के नक्शे में भी गड़बड़ी मिली थी। लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। मेडिकल स्टोर, डॉक्टर चैंबर और क्लीनिक संचालित होने के मामले में भी विभाग ने आंख बंद कर रखी है। अभी भी बेसमेंट में कारोबार चल रहा है। इस मामले में नगरनिगम और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी खेल रहे हैं।

**सड़क दुर्घटना में 1 की अकाल मृत्यु**

जबलपुर.-थाना शहपुरा में मनमोहन यादव उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम नटवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह तथा बड़ा लड़का यादवेन्द यादव एवं छोटा लड़का धनंजय यादव तीनों मजदूरी करते हैं। वह और बेटा यादवेन्द्र दोनो मजदूरी करने शहपुरा आए थे काम करके एनएच 45 से पैदल घर नटवारा जा रहे थे। गंजकटंगा के मोड पर ठाकुर के पान टपरे पर शाम लगभग 05/30 बजे वह बीडी पीने लगा , बेटा यादवेन्द यादव पैदल आगे चला गया थोडी दूर मांउटेन स्कूल के सामने पहुंचा कि उसी समय पीछे से जबलपुर तरफ से आ रही टाटा एलपीडी 407 वाहन क्रमांक डीएल 1 एलपी 8822 का चालक तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर लाया और उसके लड़के यादवेन्द्र को टक्कर मार कर भोपाल तरफ भाग गया टक्कर लगने से यादवेन्द्र गिर गया

# धार्मिक टिप्पणी करने पर अब्दुल मजीद गिरफ्तार

**साधु-संतो, हिन्दू संगठनों ने किया था प्रदर्शन, एनएसए की कार्रवाई की गई**

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में हिन्दू देवी-देवताओं व बूढ़ी खेरमाई के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने वाले आरोपी अब्दुल मजीद को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया. जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया. इसके साथ ही अब्दुल मजीद के खिलाफ जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कार्रवाई की है.



पुलिस अधिकारियों की माने तो अब्दुल मजीद ने 8 अप्रैल को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर हिंदू देवी-देवताओं को लेकर अशोभनीय शब्द लिखे थे. यहां तक कि वहीं पोस्ट अरविंद कुमार नामक युवक के खिलाफ भेजी थी. इस पोस्ट के वायरल होते ही शहर में आक्रोश फैल गया, दूसरे दिन 9 अप्रैल को साधु-संतों के नेतृत्व में हिन्दू संगठनों ने हनुमानताल थाने में विरोध प्रदर्शन किया. इस घटना को लेकर पुलिस अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए अब्दुल मजीद की तलाश शुरु कर दी.

पुलिस को खबर मिली कि अब्दुल घर के पीछे छिपा है और जबलपुर से भागने की फिराक में है. पुलिस की टीम पहुंच गई और घेराबंदी कर अब्दुल मजीद को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस का कहना है कि अब्दुल मजीद इससे पहले भी सितंबर 2024 में इसी तरह की आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर डाल चुका है. उस समय भी धार्मिक भावनाएं आहत हुई थीं और उसे गिरफ्तार किया गया था. लेकिन आरोपी 13 दिन बाद जमानत पर बाहर आ गया था. इस बार दोबारा धार्मिक माहौल बिगाडने् की कोशिश को गंभीर मानते हुए एसपी संपत उपाध्याय ने जिला दंडाधिकारी को एनएसए के तहत कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा. जिसके बाद मजीद पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.

# प्रधानमंत्री आवास की किस्त जारी करने पंचायत सचिव ने मांगी रिश्वत, जबलपुर लोकायुक्त ने रंगे हाथों पकड़ा



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त जारी करने के एवज में मंडला जिले के एक ग्राम पंचायत सचिव ने 4 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की. जिस पर जबलपुर से गई लोकायुक्त की टीम ने आरोपी पंचायत सचिव को रंगे हाथों पकड़ लिया है. लोकायुक्त पुलिस संगठन के मुताबिक पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है. इसी क्रम में खिलोन सिंह पंद्रो 35 वर्ष वन ग्राम डुंगरिया ग्राम पंचायत खुक्सर, जिला मंडल ने जबलपुर लोकायुक्त एसपी संजय साहू को शिकायत की कि आवेदक के पिता के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत हुआ है, जिसकी प्रथम एवं द्वितीय किश्त की राशि प्राप्त हो चुकी है. जिसके भुगतान प्राप्त कराने के एवज में पारितोषिक के रूप में संतोष कुमार झारिया, सचिव, ग्राम पंचायत खुक्सर जिला मंडला के द्वारा 7000 रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है, शिकायत सत्यापन उपरांत आज शुक्रवार 11 अप्रैल को राम सैयाम की चाय-नाश्ता दुकान, फूलसागर जिला मंडला में संतोष कुमार झारिया, सचिव, ग्राम पंचायत खुक्सर जिला मंडला को रिश्वत राशि 4000 रुपए लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया तथा आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन)2018 की धारा-7, 13(1)क्ष 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है. इस कार्यवाही में इंस्पेक्टर कमल सिंह उईके, इंस्पेक्टर श्रीमती मंजू किरण तिर्की, इंस्पेक्टर जितेंद्र यादव एवं लोकायुक्त जबलपुर का दल शामिल रहा.

**युवती ने फांसी लगाई**

**जबलपुर**- थाना राझी में बुचा कॉलोनी पुरानी बस्ती में एक युवती द्वारा फंसी लगा लेने की सूचना पर पहुंची पुलिस को राजेन्द्र सिंह उम्र 38 साल निवासी बूचा कालोनी पुरानी बस्ती बिलपुरा ने बताया कि वह ठेकेदारी का काम करता है ि उसकी भांजी अजली सिंह कालेज में परीक्षा देकर आई थी। परीक्षा देने के बाद घर पर ही थी। हम लोग रात्रि लगभग 11 बजे खाना खा लिये थे, खाना खाने के बाद वहं सो गया था। उसकी पत्नी रात्रि लगभग 1 बजे अंजली के साथ खाना खायी। अजली अपने कमरे में चली गई, सुबह लगभग 7/15 बजे अजली के मोबाईल पर पर फेन लगाये जो फेन नहीं उठा रही थी।


# हनुमत जन्मोत्सव पर हिन्दू एकता मंच ने निकाली भव्य शोभायात्रा



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** हनुमत जन्मोत्सव पर हिन्दू एकता मंच द्वारा श्री विराट संकटमोचन रथ एवं महाआरती शोभायात्रा का आयोजन किया गया। विराट संकटमोचन रथ एवं महाआरती शोभायात्रा गोहलपुर थाना स्थित श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर श्री बड़े प्राचीन हनुमान मंदिर अधारताल तक निकाली गई। जिसमें विशेष रूप से धर्म ध्वजा, अश्व, घोडे, आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। इस मौके पर पूजनीय संत, विभिन्न अखाड़ों के द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा में 208 दीपों की महाआरती, जीवंत झलकियां, भारी संख्या में मातृ शक्तियां भी शामिल रहीं। वहीं सम्पूर्ण शोभायात्रा मार्ग में स्वागत मंच लगाए गए। श्री विराट महाआरती एवं संकट मोचन रथ यात्रा अधारताल श्री प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर महाआरती, पूजन अर्चन एवं प्रसाद वितरण और भंडारे के साथ समापन हुआ।

## लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह हनुमान जयंती के कार्यक्रमों में हुये शामिल

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह आज हनुमान जयंती पर शहर में आयोजित कार्यक्रमों मंभ शामिल हुये। लोक निर्माण मंत्री ने मंदिरों में जाकर हनुमान जी के दर्शन किये और पूजा-अर्चना की तथा नागरिकों को बधाई दी। श्री सिंह हनुमान जयंती पर आयोजित भंडारा के कार्यक्रमों में भी शामिल हुये। लोक निर्माण मंत्री हनुमान जन्मोत्सव पर अशोक विहार रामपुर स्थित स्वयं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम में, पटेल मोहल्ला रामपुर स्थित श्री हनुमान मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ एवं हवन में शामिल हुये।



# पंचमुखी हनुमान जी को सिंदूर चोला चढ़ा कर पूजन आरती कर हनुमान जयंती मनाई



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** दुर्गा मंदिर समिति के उपाध्यक्ष रामदास यादव ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कैंट विधानसभा अंतर्गत रांझी बजरंग नगर दुर्गा मंदिर में स्थापित पंचमुखी हनुमान जी को सिंदूर चोला चढा कर, सुंदरकांड पाठ एवं हवन आरती पूजन किया गया.

जिसके पश्चात विशाल भंडारा का भोग हनुमान जी को लगाया गया एवं उपस्थित क्षेत्र के सेकडो श्री हनुमान भक्तों को बैठाल कर भंडारा प्रसाद ग्रहण कराया गया. इस दौरान समिति के संरक्षक पदाधिकारी श्याम लाल दुबे, ओ पी श्रीपाल, के पी चतुर्वेदी, हरि सिंह ठाकुर, छोटे लाल यादव, शिमलू राजभर, रामदास यादव, मूर्ति पहलवान, पंचम पटेल, कैलाश रजक, बंटी ठाकुर, उमाशंकर गुप्ता, संतोष यादव, मनोज सोनी, तारा दुबे, मनीष परसाई, रिंकू ठाकुर, सीताराम सैनी, हरी रिक्की एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे.

# प्राणघातक हमला करने वाला शातिर बदमाश चंद घंटों में गिरफ्तार

**घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त, फरार साथी की तलाश**

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना माढ़ोताल में रात में अनमोल जैन उम्र 27 वर्ष निवासी शारदा नगर करमेता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि चुंगी नाका कलारी माढोताल के पास नमकीन, चखना की दुकान लगाता है दिनांक 11/04/25 की रात लगभग 11 बजे अपनी दुकान पर था दुकान के सामने अभिषेक सेन खड़ा था उसी समय माढ़ोताल का धर्मवीर रैकवार एवं शरद यादव निवासी बल्देव बाग का रहने वाला दोनों चाकू लेकर आये और उसकी दुकान के सामने खडे अभिषेक सेन के साथ गालीगलौज करते हुये जान से मारने की नियत से अभिषेक को चाकू से मारने लगे तो अभिषेक सेन दाके ठेले के अंदर आ गया जिसके पीछे पीछे शरद यादव भी ठेले के अंदर घुस आया जिसे उसने बाहर जाने के लिये बोला तो उसे चाकू से मारने लगा जिससे उसे दाहिने हाथ के पंजे के उपर, गले मे बाये तरफ कान के पीछे कमर पीठ मे बांये तरफ दाहिनी जांघ मे चोट लगी है अभिषेक सेन को चाकू से माथे, नाक, बाये पैर, दाहिने घुटने के पास, बाये पीठ पर चोट लगी है इसके बाद दोनो जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये रिपोर्ट पर धारा 296,109,351(3),3(5)बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा घटित हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुये आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आनंद कलादगी (भा.पु.से.), एवं नगर पुलिस अधीक्षक माढोताल श्री बी एस गोठरिया के मार्गनिर्देशन में थाना प्रभारी माढोताल श्री नीलेश दोहरे के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी गयी ।गठित टीम द्वारा सरगर्मी से तलाश करते हुये आरोपी धरमवीर रैकवार उम्र 30 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती आईटीआई माढोताल को अभिरक्षा में लेते हुये आरोपी से घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त किया गया ।उल्लेखनीय है कि पकड़ा गया आरोपी धरमवीर रैकवार अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध पूर्व से 12 अपराध हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट के पंजीबद्ध है जिसे पूर्व में एन.एस.ए. में भी निरूद्ध कराया गया है। आरोपी धरमवीर रैकवार को प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार कर मान्नीय न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेज दिया गया। फरार आरोपी शरद यादव की तलाश जारी है। उल्लेखनीय भूमिका-प्राणघातक हमला करने वाले शातिर बदमाश को चंद घंटो में पकडने में थाना प्रभारी माढोताल श्री नीलेश दोहरे, उप निरीक्षक विजय पुष्पकार, आरक्षक बलराम की सराहनीय भूमिका रही।

थाना माढ़ोताल में दिनांक 10-4-25 को कठौंदा कचरा प्लांट के पीछे नाले किनारे एक अज्ञात पुरूष का शव पड़े होने की सूचना पर पहॅुची पुलिस को ग्राम कोटवार श्याम मनोहर दहायत उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम कठौंदा ने बताया कि एक अज्ञात युवक उम्र लगभग 25-30 वर्ष का शव कठौंदा कचरा प्लांट के पीछे नाला किनारे औंधे मुंह पड़ा है बदन में सफेद कलर की सेंडो बनियान, अंडरवियर लोवर पहने है गले में लाल कलर का कपड़ा लिपटा है ।

**अकाल मृत्यु**

जबलपुर- थाना पनागर में मुन्ना काछी उम्र 54 वर्ष निवासी पौनिया ने सूचना दी कि वह अजय सत्य प्रकाश स्कूल में माली का काम करता है। रात्रि लगभग 7 बजे उसका भाई श्यामलाल काछी एवं बहू मालती बाई काछी ईट भट्टे में काम करने के लिए गये थे भतीजा लतेश काछी उम्र 16 वर्ष घर पर अकेला था,

## मादक पदार्थ गांजा के कारोबार में लिप्त 3 आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**4 किलो 738 ग्राम गांजा कीमती लगभग 95 हजार रूपये का तथा कार जप्त**

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना पनागर में रात्रि में क्राइम ब्रांच एवं थाना पनागर की संयुक्त टीम को दोरान पैट्रोलिंग के रत्ना धाम निरंदपुर के पास निरंदपुर तरफ से सफेद रंग की स्विफ्ट कार आती दिखी जो पुलिस को देखकर बाघोंड़ा की तरफतेजी से भागने लगी जिसका पीछा किया गया एवं कार को ट्राईडेंट वेयर हाउस के सामने गंगाजली मेन रोड बागोड़ा में घेराबंदी कर रोका गया। स्विफ्ट कर क्रमांक एमपी 20 सी.एफ 4480 में तीन व्यक्ति बैठे थे सभी से नाम पता पूछने पर कार चालक ने अपना नाम सुजीत राय उम्र 37 वर्ष निवासी ग्वारीघाट स्टेशन के पास थाना ग्वारीघाट एवं ड्राइवर सीट की बाजू वाली सीट में बैठे व्यक्ति ने सूरज बेन उम्र 27 वर्ष निवासी बेन मोहल्ला रामपुर थाना गोरखपुर तथा कार की पिछली सीट पर बैठे व्यक्ति ने मोहम्मद सज्जाद उर्फ रेहान खान उम्र 24 वर्ष निवासी बड़ी ओमती नल के पास घंटाघर थाना ओमती बताया। संदेह होने पर तलाशी लेने पर कार की डिक्की के अंदर एक सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला । एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये गांजा की तौल करने पर 4 किलो 738 ग्राम गांजा कीमती लगभग 95 हजार रुपए का होना पाया गया।

## शराब पीने के लिये रूपये की मांग कर मारपीट , आरोपी की तलाश

जबलपुर। थाना लार्डगंज में रात्रि हिमांशु पटेल उम्र 18 वर्ष निवासी पटेल फ्लावर दुकान सब्जी मंडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अमदरा जिला सतना का रहने वाला है आज दिनाँक 12.04.2025 के रात्रि लगभग बजे वह पटेल फ्लावर दुकान से निकलकर जा रहा था उसी समय एक युवक जिसकी उम्र लगभग 20 वर्ष होगी

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2025-26/ एम/13 जबलपुर दिनांक 11.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अनराग किशोर सोनी, पिता- स्व. श्री जानकी प्रसाद सोनी** ने प्लाट नं. 22 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. हिस्सा नया पिन, क्षेत्रफल 800 व.फु., भूतल 800 व.फु. स्वयं रहवास, प्रथमतल 800 व.फु. स्वयं रहवास, **दानपत्र रजिस्टर्ड** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2025-26/ एम/12 जबलपुर दिनांक 11.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अनुरूप किशोर सोनी, पिता- स्व. श्री जानकी प्रसाद सोनी** ने प्लाट नं. 22 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 100288219, क्षेत्रफल 1600 व.फु., भूतल 1450 व.फु. कामर्शियल, प्रथमतल 1450 व.फु. स्वयं रहवास, द्वितीयतल 1000 व.फु. स्वयं रहवास, **दानपत्र रजिस्टर्ड** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2025-26/ एम/11 जबलपुर दिनांक 11.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती वर्षा नायक, पति- श्री प्रतीक नायक** ने मकान नं. 3434/पी.-748 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000353111, क्षेत्रफल 214 व.फु., भूतल 214 व.फु. कामर्शियल स्वयं, **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2025-26/ एम/10 जबलपुर दिनांक 11.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अरविन्द कुमार रायजादा, पिता- श्री अजय रायजादा** ने मकान नं. 3434/23 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000351388, क्षेत्रफल 1870 व.फु., भूतल 1100 व.फु., **त्यागपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999